CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 28 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 257 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील पेज 2



भारतीय तीरंदाज शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन खेल टाइम्स



पाकिस्तान पीएम के यूएन में बयान बेतुकेः भारत पेज 11




अरशद वारसी की 'भागवत' जल्द होगी रिलीज बॉलीवुड

# तमिलनाडुः एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 36 की मौत

## मृतकों में आठ बच्चे और 16 महिलाएं शामिल, 56 से ज्यादा लोग घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**करूर।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मच गई। इसमें 36 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 16 महिलाएं और 8 बच्चे शामिल हैं।

तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमणियन ने यह जानकारी दी। हादसे में 58 से ज्यादा लोग घायल हो गए। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी टीवीके की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। बताया गया है कि 9 साल की एक बच्ची गुम गई थी। विजय ने मंच से उसे तलाशने की अपील पुलिस और अपने लोगों से की, जिसके बाद वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए। भीड़ में फंसने से कई लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और कई लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची। भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि

**■ एक्टर विजय अपना भाषण बीच में छोड़कर रैली से चले गए**

लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया। इसके बाद अभिनेता विजय ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने लगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वह जरूरतमंदों की मदद करें और एंबुलेंस तक पहुंचाएं। भगदड़ मचते ही विजय अपना भाषण बीच –शेष पृष्ठ दो पर



# वांगचुक का पाकिस्तान कनेक्शनः लद्दाख डीजीपी

लेह, वार्ता



**सोनम वांगचुक** पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य को पकड़ा था। वह वांगचुक से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था।

यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर एनएसए लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितम्बर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80

**■ जासूस से संपर्क का दावा, पाक व बांग्लादेश दौरा भी किया, वांगचुक जोधपुर जेल में बंद, एनएसए लगाया**

लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। लेह हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस फूंक दिया था। सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी थी। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे, तो आयोजकों को –शेष पृष्ठ दो पर

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

### घुसपैठ के लिए LOC पार आतंकी मौजूदः बीएसएफ

**श्रीनगर।** कश्मीर में घुसपैठ करने की फिराक में आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्चिंग पैड पर मौजूद हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला जिलों में उनके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र (एओआर) के सामने स्थित लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला है। श्री यादव ने श्रीनगर में वुलर मैराथन के लिए आयोजित एक टी-शर्ट अनावरण समारोह के बाद कहा कि आतंकवादी हमारी सीमा में घुसपैठ की फिराक में मौका तलाश रहे हैं, आतंकवादी अक्सर खराब मौसम में सीमा पार करने की कोशिश करते हैं और उनकी ये कोशिशें लगातार जारी रहती हैं।

### सेना अनंत शस्त्र एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को लगभग 30 हजार करोड़ में अनंत शस्त्र सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है।

### राहुल गांधी चार देशों की विदेश यात्रा पर हुए रवाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी इस यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका के ब्राजील कोलंबिया सहित चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे।

# उप्र में अब न नाकाबंदी और न कर्फ्यू : योगी

## कहाः बरेली में एक मौलाना भूल गया था यूपी में सरकार किसकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को सीएम योगी ने कहा कि बरेली में एक मौलाना भूल गया कि राज्य में सत्ता किसकी है। उसे लगा कि वो जब चाहे व्यवस्था को रोक सकता है, लेकिन हमने साफ कर दिया कि न तो नाकाबंदी होगी और न ही कर्फ्यू, लेकिन हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी। 2017 से पहले यूपी में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।

सीएम ने कहा कि जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्ही के लिए हमने बुलडोजर बनाया था। पहले दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफियाओं के सामने सत्ता सेल्यूट करती थी। सत्ताधारी लोग उनके कुत्तों के साथ हाथ मिलाया करते थे। आपने बहुत दृश्य देखे होंगे, कैसे सत्ता का मुखिया एक माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर अपने को गौरवान्वित –शेष पृष्ठ दो पर




### मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार, 3000 अज्ञात पर केस

**बरेली -ब्यूरो।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान समेत आठ लोगों को बगैर अनुमति जुलूस निकालने, भड़काऊ नारेबाजी के आरोप में पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हिंसा मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मौलाना तौकीर समेत आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न

**■ एसआईटी का गठन, इंटरनेट सेवा बंद**

आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आठ लोगों को अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि तीन हजार अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बगैर अनुमति जुलूस निकालने, हिंसा भड़काने और भड़काऊ नारेबाजी करने के आरोप में कुल दस एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें पांच कोतवाली कैंट में, एक किला थाने पर और बारादरी में शामिल है।

### 11 साल के छात्र की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** 11 साल के जन्मेश सागर ने सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

स्टूडेंट का कहना है कि सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 7 और 8 में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने की दिल्ली सरकार की नीति गलत है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट पिटीशन में कहा गया है कि यह एंट्रेंस टेस्ट संविधान के अनुच्छेद 21-ए (निःशुल्क और

**■ सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम शिक्षा के अधिकार के खिलाफ**

अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) और बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट) की धारा 13 का उल्लंघन है। आरटीई अधिनियम की धारा 13 स्पष्ट रूप से स्कूल एडमिशन में किसी भी स्क्रीनिंग प्रोसेसर पर रोक लगाती है।

### एक लाख का इनामी जुबैर उर्फ कालिया ढेर

**रामपुर -ब्यूरो।** गोरखपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र दीपक की हत्या का मुख्य आरोपी जुबैर उर्फ कालिया को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने रामपुर जिले के थानागंज क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस घटना में एक दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। पुलिस को चेकिंग के दौरान थानागंज के क्षेत्र चाकू चौराहे पर एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा

**■ चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक फरार**

रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देखकर पुलिस पर कई राउंड फायर कर दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली से एक युवक मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। जांच पड़ताल में पता चला कि घायल युवक बदमाश जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी है। रामपुर का मूल निवासी जुबैर उर्फ कालिया थाना गंज के क्षेत्र घेर मरदान खान का रहने वाला था और उसे पर करीब 17 मुकदमे आयद हैं। इन मुकदमों में हत्या, हत्या का प्रयास, गोकशी आदि मुकदमे शामिल हैं। पुलिस द्वारा जिला अस्पताल घायल अवस्था में ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही: मोदी

**कहा- हमने टैक्स घटाया, वो अब भी लूट में लगे, टू-जी का दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे**

भुवनेश्वर, वार्ता

**पीएम मोदी** शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4-जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक



इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की। ओडिशा के झारसुगुड़ा में महिलाओं ने पीएम को स्थानीय कलाकृति भेंट की। पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा से 60 हजार करोड़ रुपये के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पीएम मोदी के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। पीएम मोदी ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ओडिशा को गुजरात से जोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उनकी सरकारें आपको लूटने में जुटी हैं। मेरे पास सबूत हैं। हमने देश के लोगों को लाभ देने के लिए टैक्स कम किया, सीमेंट से भी टैक्स घटा। हमारा मकसद था लोगों को घर बनाने में कम पैसा खर्च करना पड़े। 22 सितम्बर के बाद बयानबाजी करने वालों की करतूत देखिए। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, वहां वे आम जनता को सुख देना नहीं चाहते। उन्होंने अपना एक नया ही टैक्स लगा दिया। भारत सरकार की तरफ से जो फायदा दिया जा रहा था वे दीवार बनकर लूट में लगे हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### पटियाला में आग में जलकर चार लोगों की मौत

**राजपुरा (पटियाला)।** पंजाब के राजपुरा शहर में शुक्रवार की रात भोगल रोड स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय जगदीश कुमार, उनकी पत्नी, 18 वर्षीय साला और 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा शामिल है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले परिवार के चारों सदस्य जलकर मर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और कुछ ही मिनटों में घर के अंदर से धुआं और लपटें उठने लगीं। पड़ोसियों ने मदद के लिए शोर मचाया, तुरंत दमकल और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

### लखनऊ की गलियों में हथियार लेकर घूमते दिखे संदिग्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में तीन युवकों के हथियारनुमा राइफल के साथ देर रात गलियों में घूमने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना 23 सितम्बर की रात की है, जिसका फुटेज कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। न्यू हैदरगंज वार्ड की रीफा कॉलोनी में तीन युवक एके-47 जैसी दिखने वाली राइफल लेकर टॉर्च की रोशनी से घर-घर झांकते दिखाई दिए। स्थानीय ने फुटेज देखकर इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं और अफवाहें फैल गईं।

## बिलों की अधिक गहराई से होगी पड़ताल

# संसद की स्थायी समितियों का बढ़ेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

संसद की स्थायी समितियों के कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि समितियों का कार्यकाल को बढ़ाया जाए, ताकि काम में निरंतरता और सुधार लाया जा सके।

सांसदों की मांग के बाद सरकार संसदीय स्थायी समितियों के कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है। यह बदलाव खास तौर से समितियों के कामकाज में निरंतरता बनाए रखना और विधेयकों, महत्वपूर्ण मामलों को अच्छे से करने की उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

हाल में में स्थायी समितियों का गठन हर साल किया जाता है और उनका कार्यकाल 26 सितंबर को पूरा हो जाता है। कई सांसदों ने



■ **समितियों का गठन हर साल होता है, 26 सितम्बर को पूरा हो रहा कार्यकाल**

चिंता जताई है कि एक साल का छोटा कार्यकाल समितियों के लिए चयनित विषयों के लिए काफी नहीं है और गुणवत्तापूर्ण काम करने में रुकावट है। सांसदों का कहना है कि हर साल नए सदस्यों के आने से काम की निरंतरता टूटती है और काम प्रभावित होता है। अब सांसदों के इस अनुरोध पर सरकार विचार कर रही है और जल्द ही फैसला लिया जा सकता है। अगर समितियों के कार्यकाल दो साल कर दिया गया, तो इसके कई फायदे देखने को मिलेंगे। समितियों के पास विधेयकों, बजट और विभिन्न रिपोर्टों को ज्यादा गहराई से समझने और उनकी छानबीन करने के लिए और ज्यादा समय मिल सकेगा। सदस्यों के दो साल तक बने रहने से समितियों के काम में स्थिरता आएगी और लंबे प्रोजेक्ट बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। सदस्यों में ज्यादा समय मिलने से विभागों और विषयों की बेहतर समझ विसकसित हो सकेगी। खबरों के मुताबिक के मुताबिक कार्यकाल बढ़ने के बावजूद ज्यादातर समितियों के अध्यक्ष पद वैसे ही बने रह सकते हैं। हालांकि सरकार कुछ सांसदों की मांगों के आधार पर कुछ समितियों के सदस्यों में बदलाव कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील की

**नई दिल्ली।** हिमालय पर आ रही प्राकृतिक आपदाओं को लेकर प्रबुद्ध नागरिकों ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पत्र लिखा है और हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी को तत्काल संज्ञान में लेने की अपील करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े। देश के इन प्रबुद्ध नागरिकों ने चार धाम परियोजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण की अनुमति देने वाली अदालत के पूर्व निर्णय की समीक्षा की मांग की है। प्रबुद्ध नागरिकों ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश में 'अस्तित्वगत के संकट' की बात स्वीकार करने का जिक्र करते हुए कहा कि इसी तरह की स्थिति से पूरे पश्चिमी हिमालय, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे देश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखकर यह अनुरोध पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, संघ विचारक के एन. गो. विंदाचार्य, पूर्व सांसद डा. कर्ण सिंह, प्रसिद्ध लेखक रामचंद्र गुहा, सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह और रंजीता रंजन, इतिहासकार शेखर पाठक, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सहित 59 राजनेताओं, पर्यावरणविंदों, भूवैज्ञानिकों, वन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया है। पत्र में उच्चतम न्यायालय की उस चेतावनी का भी जिक्र है, जिसमें कहा गया है कि हिमाचल में पर्यावरण का जो संकट है यदि उस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।

# अलीगढ़ में बाइक शोरूम मालिक के बेटे की हत्या

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में शुक्रवार रात थाना रोरावर क्षेत्र में देर रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक शो रूम के मालिक के बेटे अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिषेक की मौके पर मौत हो गई। घटना खैरेश्वर चौराहे पर हुई, उस समय अभिषेक अपने पिता और चचेरे भाई जीतू के साथ सिकंद. राराव जाने के लिए बस में सवार हो रहा था।

परिजनों ने हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ डा. पूजा शकुन पांडे और राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडे पर ब्लैकमेलिंग और पैसे के लेन-देन का आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने अशोक पांडे को हिरासत में ले लिया हैऔर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुता. बिक शुक्रवार रात को अभिषेक गुप्ता अपने परिवार के साथ सिकंदराराव के लिए बस का इंतजार कर रहा था। तभी वहां दो



■ **पिता ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप**

बाइक सवार बदमाश पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली अभिषेक के मुंह पर लगी, परिवार के लोगों को भी निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। फौरन ही पुलिस को सूचना दी गई। थाना रोरावर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, अभिषेक को अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्राइम सीन पर फोरेंसिक टीम ने सुबूत जुटाए हैं।

# ग्राम पंचायतें बीएसएनएल से जोड़ीं: योगी

## बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क व भारत नेट परियोजना का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवाओं को उत्तर प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ दिया है।

योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और



अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4-जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5जी और 6जी की भी तैयारी है। उन्होंने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है।

# अतीक-अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो

## बरेली बवाल के बाद बोले मौलाना तौकीर रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा ने देर रात एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तौकीर रजा कहते दिखाई दे रहे हैं कि अतीक और अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना मुझे कबूल है। मैं नजरबंद हूं और मुझको घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। मौलाना ने इस पूरे घटनाक्रम को साजिश बताया। वीडियो में मौलाना ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

मौलाना ने कहा कि प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने से रोक रहा है। यह पूरा मामला एकतरफा है और मुसलमानों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। मौलाना ने कहा हमने अमन का रास्ता अपनाया। हम नमाज पढ़ते रहे, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन हमें झूठे बयानों से बदनाम किया गया। तौकीर रजा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी लेटरपैड पर बयान जारी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, उतना ही ज्यादा सामने आएगा। मौलाना ने इसे पूरी तरह से साजिश करार दिया और कहा कि मुसलमानों को बदनाम करने की योजना के तहत यह सब किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि दंगे के लिए मुसलमान जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि पुलिस-प्रशासन ने माहौल खराब किया है। मुसलमानों ने कोई पत्थरबाजी नहीं की, अगर दंगा नहीं हुआ, तो भी पुलिस-प्रशासन ने मुसलमानों पर फसाद का आरोप लगाया। असल में शांति को नुकसान पुलिस ने पहुंचाया है। मौलाना ने साफ कहा कि एकतरफा कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मोहम्मद साहब के नाम पर जान देने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन प्रशासन का यह रवैया गलत है।

### लखनऊ की सड़कों पर लगी आई लव योगी और आई लव बुलडोजर की होर्डिंग्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं, तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई। दरअसल विवाद की शुरुआत 9 सितम्बर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए गए।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी: सिंधिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा।

मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरद. राज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किए गए एक लेख में लिखा है, यह प्रौद्योगिकी विक.



सित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंच. ार मंत्री ने कहा है कि मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4-जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4-जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था, लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4-जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुलनदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है।

### सोना और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमत नवरात्र शुरू होते ही कम हो गई है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,040 रुपये के आसपास रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 143100 रुपये रहा। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिन एक ही कीमत मान्य होगी। यानी आप इसी रेट पर सोना-चांदी खरीद सकेंगे। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट का भाव 1,15,040 रहा। मुंबई में 1,14,890, अहमदाबाद में 1,14,940, चेन्नई में1,15,100, कोलकाता में1,14,890, लखनऊ में 1,15,040, बेंगलुरु में 1,14,890 तथा जयपुर में 1,15,040 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,43,000 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 14,640.36 , कोलकाता में 1,39,000, लखनऊ में 1,44,100 और पटना में 1,44,622 रुपये प्रति किलो रहा। हालांकि शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार के दिन सोने के दामों में मामूली अंतर ही देखने को मिला है।

# 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया

**मुंबई।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया, जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है।

टाटा कंसल्टेसी ने यहां एक बयान में कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जो 4-जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विक. सित किया है। टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी ने कहा है कि इस



परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4-जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। बीएसएनएल के सीएमडी ए. रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4-जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु:...**

में छोड़कर रैली से चले गए। एक्टर विजय की रैली में जुटी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मची, जिससे हालात बिगड़ गए। एक्टर विजय ने 2 फरवरी को अपनी पार्टी लॉन्च की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। चुनाव आयोग ने 8 सितम्बर को उनकी पार्टी को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी थी। विजय पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। 30 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थलपति 69 उनकी आखिरी फिल्म होगी। थलपति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी आल इंडिया थलपति विजय मक्कल इयक्कम बना ली। इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है, तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था। एक्टर विजय थलापति ने 22 अगस्त को अपनी पार्टी का फ्लैग और सिम्बल जारी किया था। विजय थलापति 420 करोड़ रुपये के मालिक हैं साउथ एक्टर विजय फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना 120 करोड़ रुपये कमाई करते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 420 करोड़ रुपए है। विजय अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थित बीच होम में रहते हैं। वहीं उनके कार कलेक्शन में रोल्स रायस घोस्ट भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 2.6 करोड़ रुपए है। ये गाड़ी उन्होंने इंग्लैंड से इम्पोर्ट करवाई है।

**वांगचुक का...**

शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना, हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ ने न तो पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया और न ही चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं, बल्कि सीधे अंधाधुंध फायरिंग की। सोनम वांग. चुक को पहले से अंदेशा था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर कभी भी गिरफ्तार होना पड़े तो मुझे खुशी होगी, लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी से माहौल शांत होने के बजाय और बिगड़ सकता है। माना जा रहा है कि इससे लद्दाख के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच चल रही बातचीत पर भी असर पड़ सकता है। वांगचुक पिछले पांच साल से लद्दाख के अधिकारों की लड़ाई का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि वांगचुक हिंसा भड़काने वाले व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

**उप्र में...**

महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि हर जिले के अंदर एक माफिया दे दिया था और हर माफिया को जिले के अंदर समानांतर सरकार चलाने की पूरी छूट दे दी थी। उत्तर प्रदेश न केवल बीमारू राज्य था, बल्कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों के सामने पहचान का संकट भी था। हर व्यक्ति अपनी पहचान के लिए मोहताज था, न बेटी सुरक्षित न व्यापारी सुरक्षित। खेतीबाड़ी चौपट किसान आत्महत्या करता था, नौजवान की नौकरी पर सेंध लगती थी। उसकी नीलामी होती थी, चाचा-भतीजा दोनों वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था, ट्रांसफर पोस्टिंग में इनके दलाल बोली लगाया करते थे और आप भी देखते होंगे जब हम ट्रांसफर पोस्टिंग करते हैं, तो आज भी उनकी पीड़ा झलक उठती है। हम लोगों ने उनके उस अनैतिक अवैध व्यापार पर कैसे प्रहार किया है? उनके सभी चेले चपाटे किस प्रकार से चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। उन लोगों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब बेईमान और भ्रष्ट लोग सत्ता में आते हैं, तो वे उस सत्ता का शोषण और दुरुपयोग करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। हमने बुलडोजर उन्हीं लोगों के लिए बनाया है, जो जाति के नाम पर लोगों को भड़काते हैं और परिवार के नाम पर उनका शोषण करते हैं। सीएम योगी उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में एक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कुछ लोग हैं, जिनको शांति अच्छी नहीं लगती। जब भी कोई हिन्दू पर्व आता है इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। सबको अपनी आस्था से शांति से त्योहार मनाने का हक है, लेकिन आस्था की आड़ में तोड़ फोड़ करोगे, तो ये सही नहीं है। हमें छेड़ोगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। आई लव मुहम्मद कहकर तोड़ फोड़, आगजनी करते हैं अगर ऐसे आतंक फैलाओगे, तो मां चंडी छोड़ेंगी नहीं, ये मां चंडी का पर्व है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने प्रदर्शन करने का दुस्साहस किया और वो लोग जो कायरों की तरह बच्चों और महिलाओं को आगे किया, तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने किसी से भेदभाव नहीं किया। सबका साथ सबके विकास के लिए सरकार काम कर रही है, लेकिन कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। वो लोग तालिबान व्यवस्था पर विश्वास करते हैं, लेकिन ये उनकी मंशा जन्नत में भी पूरी नहीं होने वाली है, उनको पहले जहन्नुम में जाना होगा। देश विकास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग विकास नहीं तालिबानी और दारुल इस्लाम की व्यवस्था चाहते हैं, जो चलेगी नहीं, उन्हें जन्नत नहीं जहन्नुम भी नसीब नहीं होगी।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दो सप्ताह बाद मजदूर का शव गंगा से बरामद

## बालू निकालते समय अचानक लापता हो गया था चन्द्रबोस, मगरमच्छ के निगलने की थी आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गंगा नदी से रेत निकालते समय अचानक लापता हुए मजदूर का शव दो सप्ताह बाद शनिवार को गंगा से बरामद हुआ है। चन्द्रबोस के साथ रेत निकाल रहे परिवार के सदस्यों व ग्रामीणों ने मगरमच्छ द्वारा चन्द्रबोस को निगल जाने की आशंका जताई थी। शव की तलाश मे नाकाम होने के बाद ग्रामीणों की आशंका को बल मिला था। वहीं चन्द्रबोस का शव बरामद होने पर परिवार मे कोहराम मच गया है। शव को पोस्ट मार्टम भेजकर पुलिस जांच मे जुट गयी है।





भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी 45 वर्षीय चन्द्रबोस सैनी पुत्र हरदयाल सैनी पांच बीघा भूमि का छोटा किसान था। गंगा नदी से बालू निकाल कर उसे बेंच कर परिवार की आजीविका चलाता है। बीते 14 सितंबर की सुबह चन्द्रबोस सैनी चचेरे भाई अरुण व परिवार के ही विनोद के साथ क्षेत्र मे स्थित गंगा मे भैंसा बोगी द्वारा बालू निकालने गया था। नदी से रेत निकालते समय अचानक चन्द्र बोस रहस्यमय रूप से गायब हो गया था। चन्द्रबोस के कपड़े व मोबाइल किनारे पर रखे मिले थे ग्रामीणों ने चन्द्रबोस को मगरमच्छ द्वारा निगल जाने की आशंका जताई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गौताखोर की सहायता से काफी समय तक चन्द्रबोस की तलाश की किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका था। कुछ ग्रामीण शनिवार को भी चंद्र बोस की तलाश को निकले थे। ग्रामीणों को गंगा नदी में झाड़ियों में एक अटका हुआ शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मौके पर मौजूद परिजनों ने शव की शिनाख्त चंद्र बोस के रूप में की। क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपई ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा गया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। चन्द्र बोस के परिवार मे पत्नी सुनीता के अलावा पुत्री कामिनी 21वर्ष, चांदनी 19, अन्नू 15 रमा 13 व पुत्र अभिषेक 17 वर्ष हैं।

### दुष्प्रचारों से बचें और सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल न करें:जमीयत

**मुजफ्फरनगर।** सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से पैगेम्बर-ए-इस्लाम पर टिप्पणी और आई लव मुहम्मद और आई लव महादेव कमेंट्स के बाद छिड़ी विवादित जंग में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के पदाधिकारियों ने नफरत फैलाने वाले कमेंट्स से बचने की अपील करते हुए कहा कि आप सल्लाहु अलेही वसल्लम से मौहब्बत इंसानियत का पैगाम है उन्होने कहा कि किसी भी ऐसी विवादित टिप्पणी से बचे जिससे नफरत फैलती हो। उन्होने समाज के लोगों से आह्वान किया कि नफरत फैलाने वाला ऐसा कोई काम न करे जिससे दूसरे धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचती हो। उन्होने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी होने वाले बेहूदा कमेंट्स से बचने का आह्वान किया।

# आपत्तिजनक पोस्टर छापने के आरोप में दो गिरफ्तार

**पोस्टर व कम्प्यूटर को पुलिस ने लिया कब्जे में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आई लव मुहम्मद और आई लव महादेव के मामले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। पुलिस जनपद में शांति व्यवस्था चाहती है और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक चीजे डालना और कानून व्यवस्था बिगाडने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को भी खालापार थाना पुलिस ने एक प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारकर यहां से काफी संख्या में पोस्टर बरामद करने का दावा किया और पुलिस ने प्रिटिंग प्रेस के स्वामी व मुद्रक के खिलाफ कार्यवाही की है। इस दौरान पुलि सने दो युवको को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार के बाद जनपद पुलिस पोस्टरों को लेकर सख्त नजर आ रही है। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वालों पर भी शिकंजा कसने की कार्यवाही कर रही है एसएसपी के निर्देशन में खालापार पुलिस ने नवेद व सिंदबाद नामक युवक को हिरासत में लिया है खालापार पुलिस का कहना है कि दोनो युवक धार्मिक उनमाद बढ़ाने का प्रयास कर रहे थे और इनके पास से आपत्तिजनक पोस्टर व कम्प्यूटर बरामद हुआ है। यह पोस्टर सिविल लाइन क्षेत्र के एक प्रिटिंग प्रेस द्वारा छपवाए गए थे। पुलिस ने जहां पोस्टरों को अपने कब्जे में किया और प्रिटिंग प्रेस संचालक के खिलाफ भी कार्यवाही की है।



मुजफ्फरनगर:आईटीआई में ऑडिटोरियन का शिलान्यास करते राज्यमंत्री कपिल देव व अन्य।

### उद्यान विभाग ने शुरू की आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

**मुजफ्फरनगर।** बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उद्यान विभाग ने रोजगारपरक मासिक प्रशिक्षण की पहल की है। इसके तहत युवाओं को बेकरी संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के कार्यवाहक प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधीन संचालित राजकीय फल संरक्षण एवं जिला उद्यान विभाग की ओर से प्रशिक्षण केन्द्र पर मासिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

इसमें पावभाजी, वेजीटेबल बर्गर, बन्स, ब्रेड रोल, केक, विभिन्न प्रकार के बिस्कुट, पेस्ट्री और नमकीन बनाने की सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बेरोजगार युवा बेकरी की इकाई स्थापित कर स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक का साक्षर होना और न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है।

चयन प्रक्रिया प्रवेश प्रथम आओ-प्रथम पाओ के आधार पर होगी। इच्छुक युवक-युवतियां किसी भी कार्य दिवस में प्रशिक्षण केन्द्र से आवेदन पत्र प्राप्त कर 30 सितम्बर तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के नंबर 8941853641 पर संपर्क किया जा सकता है।

# निदेशालय से अटैच टीओ ने मांगा अपना वेतन

## नगर पालिका ईओ को पत्र लिखकर रुका हुआ पांच माह का वेतन मांगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईओ की शिकायत के बाद निदेशालय से अटैच चल रहे टीओ ने ईओ को पत्र लिखकर अपना लंबित वेतन मांगा है। दरअसल नगर पालिका में तैनात रहे कर निर्धारण अधिकारी टीओ दिनेश यादव और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के बीच चली खींचतान में शासन से शिकायत के बाद दिनेश यादव को यहां से हटाकर नगरीय निकाय निद. शालय लखनऊ में अटैच कर दिया गया था, लेकिन उनको वेतन पालिका से जारी होना था उनका वेतन पांच माह से लंबित चल रहा है। उन्होंने शासन के आदेश पर इस सम्बद्धता को स्वीकार करते हुए ड्यूटी ज्वाइन भी कर ली थी। पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने साथ ही लेखाकार की भी शिकायत की है कि जिस नियम से बिना उपस्थिति सत्यापन के उनको वेतन जारी किया जा रहा है, उसी नियम के अनुसार उनका भी लंबित वेतन जारी कर दिया जाये।

### लेखाकार के वेतन आहरण पर भी उठाए सवाल

**मुजफ्फरनगर।** टीओ दिनेश कुमार सिंह ने अपना वेतन मांगने के साथ ही ईओ को जो पत्र लिखा है उसमें लेखाकार प्रीति रानी के वेतन आहरण पर भी सवाल उठाए हैं। ईओ डॉ प्रज्ञा सिंह ने लेखाकार को नोटिस जारी करते हुए उनको वेतन जारी होने के सम्बंध में जवाब तलब कर लिया है। टीओ ने आरोप लगाया है कि लेखाकार को बिना सत्यापन के ही लगातार वेतन प्रदान किया जा रहा है। दिनेश यादव ने अब ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को पालिका की लेखाकार प्रीति शर्मा के लगातार हो रहे वेतन आहरण को लेकर पत्र लिखा है इसमें उन्होंने कहा है कि प्रीति शर्मा मुजफ्फरनगर पालिका के साथ ही खतौली नगरपालिका में भी लेखाकार के पद पर अतिरिक्त रूप से अटैच हैं। प्रीति को खतौली में सप्ताह में तीन दिन उपस्थित रहने के निर्देश है और तीन दिन मुजफ्फरनगर पालिका में कार्य के निर्देश हैं। दिनेश यादव का आरोप है कि खतौली पालिका में संबंध्द लेखाकार प्रीति रानी की वहां की उपस्थिति खतौली पालिका से कभी भी प्रमाणित होकर नहीं आई, लेकिन इसके बावजूद भी पालिका मुजफ्फरनगर से उनका मासिक वेतन प्रतिमाह बिना किसी रोक टोक के आहरित किया जा रहा है।

# न्यूज चैनल का फर्जी पत्रकार पुलिस के शिकंजे में फंसा

**एसएसपी कार्यालय में सिफारिश के लिए आया था युवक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी को मुलाकात के लिए एक पर्ची देने वाले युवक ने अपने को राष्ट्रीय न्यूज चैनल का हैड बताते हुए कुछ सिफारिशे पेश की, लेकिन उक्त युवक एसएसपी के सवालों में उलझ कर रह गया। शक होने पर जब युवक के संबंध में जानकारी की गई तो मामला फर्जी होने पर उक्त युवक को पुलिस हिरासत में ले लिया गया। यूं कहा जाए कि पुलिस युवक को फर्जी आईडी के माध्यम से सिफारिश करना महंगा पड गया।

शनिवार को एक युवक पुलिस कार्यालय पहुंचा और उसने जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा को यहां तैनात पुलिसकर्मी के माध्यम से मुलाकात के लिए पर्ची भिजवाई। पर्ची में लिखा था कि वह एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल का उत्तराखंड राज्य का चीफ है, लेकिन एसएसपी के कुछ सवालों में युवक उलझा तो जांच में युवक फर्जी पाया गया। युवक यहां किसी की सिफारिश लेकर आया था, लेकिन वह पुलिस के शिकंजे में फंस गया। एसएसपी को शक उस वक्त हुआ जब उसने एक चैनल का नाम बताकर और कप्तान के सवाल पर वह दूसरे चैनल का हैड बताने लगा। एसएसपी ने जब इस संबंध में चैनल वालों से बात की तो युवक संदिग्ध पाया गया। एसएसपी के आदेश पर एलआईओ की टीम भी पूछताछ में लगी है। अब पुलिस गिरफ्त में आए युवक के खिलाफ कार्यवाही की बात कही गई है।

# 7 करोड़ में बनेगा 700 सीटों का सभागार

## आईटीआई में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया भव्य शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर में प्रदेश के यशस्वी एवं ऊर्जावान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मंडल आयुक्त (सहारनपुर) अटल कुमार राय जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल व उद्यमियों के साथ आधुनिक मीटिंग हॉल, विशाल पार्किंग क्षेत्र एवं गेस्ट हाउस निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि एवं विकासोन्मुखी नीतियों तथा मुख्यमंत्री योगी की सुदृढ़ कार्यशैली ने उत्तर प्रदेश को नई दिशा प्रदान की है। इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आरंभ हो रही यह महत्वपूर्ण परियोजना न केवल स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र को नई मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि रोजगार और कौशल विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 'कौशल भारत सशक्त भारत' के संकल्प और योगी सरकार के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के विज़न को साकार करने वाला यह निर्माण कार्य आने वाले समय में क्षेत्र की औद्योगिक प्रगति एवं युवाओं की समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। यह संस्थान उद्योग जगत और स्थानीय युवाओं के बीच सेतु का कार्य करते हुए प्रशिक्षण, नवाचार और रोजगार सृजन के नए अवसर खोलेगा। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थितियों में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, अमित जैन, पवन गोयल, राजेश जैन, जगमोहन, अंकित गोयल, विपुल भटनागर, सतीश गोयल टिहरी, भीम सेन, पंकज जैन, प्रेरक जैन, अमन गुप्ता, संजय मित्तल, कृष्णपाल मित्तल, अंकित संगल, अनमोल गोयल, अंकुर गर्ग, नरेन्द्र गोयल, कुश पूरी, पंकज जैन शामिल रहे। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर पीएम नरेन्द्र मोदी एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की निरंतर प्रगति और औद्योगिक सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया।

# कवयित्री अंजली उत्तरेजा गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय हिंदी मित्र सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व पर्यटन दिवस पर नेपाल की पावन भूमि में आयोजित नेपालख्रभारत मैत्रीपूर्ण धार्मिक पर्यटन विकास संगोष्ठी में मुज़फ्फरनगर की युवा कवयित्री अंजली उत्तरेजा गुप्ता 'सपनों की उड़ान' को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी मित्र सम्मान से अलंकृत किया गया। यह अलंकरण शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन, नेपाल द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नेपाल और भारत के बीच सांस्कृतिक सहयोग, धार्मिक पर्यटन के विकास तथा हिंदी भाषा-साहित्य के वैश्विक महत्व पर चर्चा हुई।

संगोष्ठी में 121 कवयित्रियों को सम्मानित किया गया और उनकी रचनाएँ आगामी अंतर्राष्ट्रीय ग्रंथ 21वीं सदी की हिंदी कवयित्रियाँ में प्रकाशित की जाएँगी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही अंजली उत्तरेजा गुप्ता को विश्व हिंदी रत्न मानद उपाधि भी प्रदान की गई थी।



लगातार मिल रहे इन सम्मानों ने उनके साहित्यिक व्यक्तित्व को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया है।

# नशे की लत करती है जीवन बर्बाद, रिश्तों पर भी पड़ता है गलत प्रभाव

## निवर्तमान एसएसपी ने चलाया था नशे के विरुद्ध अभियान, ठेले व जूस वालों पर हुई थी कानूनी कार्रवाई

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुज़फ्फरनगर।** अन्य जनपद व राज्यों की तरह जनपद मुजफ्फरनगर में भी लोग जिनमें युवा पीढ़ी भी शामिल है नशे की आदी हो रही है। नशा शराब हो, अफीम या हीरोईन या फिर भाग चरस का और इस नशे में गांजा भी आती है यह यह युवा पीढ़ी के लिए पूरी तरह बर्बादी की जड़ बन गई है। निवर्तमान एसएसपी अभिषेक यादव ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया था। उनके दिशा-निर्देश पर पूरे जनपद में अण्डे की ठेली व जूस की दुकान तथा अन्य खुले स्थानों पर शराब पीलाने वालों पर भी शिकंजा कसा था। उस समय जनपद के थानों की पुलिस ने शराब पीलाने वाले जूस विक्रेताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की थी। भोपा रोड, जानसठ रोड के साथ झांसी की रानी के निकट ठेले पर शराब पिलाने वाले युवक पर कानूनी कार्यवाही करते हुए उसको जेल भेजा था। इतना ही नहीं भोपा पुल के नीचे अवैध रूप से नशीले पदार्थ की बिक्री करने वाले कई लोगों पर भी पुलिस ने कानूनी शिकंजा कसते हुए उन्हे सलाखों के पीछे भेजा था उस समय बहुत कुछ खुलासा हुआ था और पुलिस प्रशासन की सख्त कानूनी कार्यवाही के बाद कुछ हद तक खुलेआम नशा कराने वाले लोगों पर ही नहीं इसके आदी बन चुके लोगों पर भी कार्यवाही की गई। उन्होने कई महीने अभियान चलाकर लोगों मे भय पैदा कर दिया था इतना ही नहीं उन्होने विभाग को भी कड़ी चेतावनी देकर नशे के सेवन पर रोक लगाई थी, लेकिन एक बार फिर अवैध रूप से नशे का कारोबार फल फूल रहा है, लेकिन इसमें गंभीर बात यह है कि उसका शिकार नई पीढ़ी भी हो रही है। नशा इंजेक्शन का हो, कैप्सूल या गोली का हो या फिर सुलेशन का हो इन सभी के आदी व अधिक सेवन से नई पीढ़ी पर बुरा असर पड़ रहा है, हालांकि संबंधित विभाग समय समय पर नशे के इंजेक्शन, गोलियां व कैप्सूल पर रोक लगाकर औषधि भण्डार स्वामियों को समय-समय पर चेतावनी देते है, लेकिन विडंबना यह है कि परिजनों को अपने बच्चों से बहुत कुछ उम्मीदे रहती है, लेकिन युवा पीढ़ी नशे की दलदल में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रही है। शराब के ठेकों से अलग भी बनाई गई शराब व अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री कर लोग मालामाल हो रहे है।

पिछले कुछ दिनों में सिविल लाइन पुलिस व नई मंडी पुलिस द्वारा कैफे पर मारे गए छापे के दौरान खाली बोतले व बीयर की खाली कैने भी बरामद की गई है। पुलिस ने कैफे वालों पर भी शिकंजा कसते हुए उन्हे जेल की हवा भी खिलाई, लेकिन नई पीढ़ी नशे की आदी होकर शरीर को बीमारी की ओर धकेल रही है यह एक जनपद की समस्या नहीं अधिकतर जनपदों में भी ऐसा ही देखने को मिल सकता है। अब सवाल यह है कि आखिर अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर किसका हाथ है और कौन इसकी भूमिका निभा रहा है? ऐसा नहीं है कि समय-समय पर पुलिस प्रशासन ने अवैध नशीले पदार्थो का कारोबार करने वालों पर भी कार्यवाही की है।

**नशीले पदार्थ से होने वाले नुकसान:** नशे का आदी होने पर कुछ लोगों को कमजोरी, कैंसर हार्मोस में गडबडी सांस संबंधी समस्याएं और कुछ लोगों का वजन बड़ना है। नशे के सेवन से लोगों की चिंता बढ़ती है और कभी कभी इसके अवसाद ही नहीं दीमागी गंभीर बीमारी से भी ग्रस्त हो सकते है, हालांकि कम सेवन से शरीर पर कोई असर भले ही नहीं पड़ता हो, लेकिन धीरे-धीरे जब इसके आदी होकर नशे की मात्रा ज्यादा हो जाती है तो दिल के दौरे संबंधी बीमारी भी हो सकती है। नशे के आदी होने पर कानूनी और सामा. जिक रिश्तों पर भी प्रभाव पड़ता है और इससे सामाजिक जीवन बिगडने के आसार भी पूरी तरह बन जाते है कभी-कभी नशे के आदी कानून के शिकंजे में भी फंस जाते है।



शिवमूर्ति चौकी के निकट नशे में डांस करता युवक।

# पुलिस परिवारों के लिए लगा नि:शुल्क कैम्प

## पुलिस मुखिया की पत्नी नीलम राय ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वामा सारथी व मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद पुलिस ने महिला शक्ति व स्वास्थ्य संवर्धन की शुरूआत की है। इसमें रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस के परिवार, महिलाओं के लिए नि:शुक्ल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा शि. विर का उद्घाटन जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा की पत्नी डॉक्टर नीलम राय द्वारा किया गया। चिक्तिसा शिविर में पुलिस परिवारों को नि:शुक्ल चिकित्सा सलाह देने के साथ जांच भी की गई। शि. विर में फेटीलीवर की जांच आधुनिक फाइब्रोस्कैनर मशीन द्वारा लीवर फाइब्रोसिस टैस्ट भी निशुल्क किया गया, जबकि इस टैस्ट की कीमत बाजार में काफी मंहगी है।

इस दौरान करीब पुलिस परिवारों के जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल है जिनमें करीब 350 लोगों का उपचार किया गया। बता दे कि जहां एसएसपी अपराधियों पर शि. कंजा कस रहे है तो पुलिस परिवारों के लिए भी विभिन्न बीमारियों के लिए भी शिविर लगा रहे है।



# त्यौहारों के मद्देनजर धर्मगुरूओं से मिले आला अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बरेली व अन्य जनपदों में आई लव मुहम्मद के बाद हुए मामुली विवाद के बाद जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस भी ऐसे लोगों पर जहां कड़ी नजर रखे हुए है वही पूरे जनपद में पुलिस द्वारा गस्त किया जा रहा है असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस नजर रख रही है, क्योकि आई लव मुहम्मद के बाद आई लव महादेव के पोस्टरों का भी लगना शुरू हो गया था, लेकिन पुलिस प्रशासन से थोडे समय में ही इस मामले पर काबू पा लिया था वैसे भी हाल में कई त्यौहार है जहां जनपद पुलिस पूरे जनपद में शांति व्यवस्था के लिए भागदौड़ कर रही है। शुक्रवार को भी पुलिस ने पैदल गस्त कर लोगों से संवाद किया और शांति व्यवस्था बनाने की भी अपील की। और पुलिस प्रशासन की सूझबुझ से पूरे जनपद में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक हुई। शनिवार को भी जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा और अधीनस्थ अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में धर्मगुरूओं से मिले और शांति बनाए रखने की भी अपील की। लोगों को कहा कि वह किसी की अफवाहों में न आए उन्होने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक चीजे डालने पर सख्त कार्यवाही की बात कही। उन्होने पूरे नगर में शांति के लिए धर्मगुरूओं से बात की। पुलिस प्रशासन ने आने वाले त्यौहारों से अवगत कराते हुए संदेश दिया कि वह पुलिस प्रशासन की पुष्टि के बगैर कोई भी संदेश जारी न करें। और ऐसे करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी।

आईपीएस एसपी सिटी भी सिविल लाइन पुलिस के साथ अलग-अलग स्थानों पर पहुंचे और उन्होने धर्मगुरूओं से मिलकर शांति बनाए रखने की भी अपील की। पुलिस प्रशासन का कहना है कि खूफिया विभाग भी असामाजिक तत्वों पर नजर रखे हुए है। और पुराने मामलो में नामजद हुए असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की नजर है। उन्होने कहा कि आने वाले त्योहारों को भाई-चारे के साथ मनाया जाए और कानून व्यवस्था का भी ख्याल रखे। जनपद व नगर में लोगों से संवाद करते घुम रहे पुलिस प्रशासन के अधिकारी ने कहा कि पुलिस व प्रशासन के लोग शांति और भाईचारा तथा कानून व्यवस्था बनाने के लिए भागदौड़ कर रहे है।



# 60 लाख की महाठगी: जानसठ में 'कमेटी' संचालक तीनों भाई फरार, ग्रामीणों में आक्रोश

**राजपुर कला में सनसनीखेज मामले में ठगे गए कई ग्रामीण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के राजपुर कला गांव से एक सनसनीखेज धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां गांव के ही तीन सगे भाइयों पर श्कमेटीश (चिट फंड) चलाकर ग्रामीणों के 60 लाख रुपये ठगने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों ने थाना जानसठ में शिकायत दर्ज कराकर तत्काल न्याय की मांग की है।

**मुख्य आरोपी सीटू 60 लाख लेकर भागा**

पीड़ित ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सौंपे गए सामूहिक शिकायती पत्र में बताया गया है कि सीटू, अशोक और विकेश (पुत्रगण सुमेर) ने गांव में एक दफ्तर खोल. कर तीन कमेटियां शुरू की थीं। इन योजनाओं के झांसे में आकर गांव के दर्जनों लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई जमा कर दी। आरोप है कि मुख्य सूत्रधार सीटू लगभग 60 लाख रुपये की बड़ी रकम लेकर अचानक फरार हो गया है, जबकि उसके दोनों भाई भी इस साजिश में शामिल हैं।

सामूहिक ठगी के अलावा, आरोपियों ने कुछ ग्रामीणों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी जालसाजी की। पीड़ित वीरपाल पुत्र राम सिंह ने बताया कि आरोपी ने उनसे प्लाट बेचने के लिए 2.50 लाख रुपये किस्तों में लिए, लेकिन प्लाट किसी और को बेच दिया। वहीं, चेतन पुत्र मामचंद को टेम्पो बेचकर उसके मूल कागजात लेकर आरोपी भाग गया, जबकि एक अन्य मामले में मनोज पुत्र राजेन्द्र से जनरेटर का सौदा कर उनके भाई उसे जबरन खींचकर ले गए। पीड़ित ग्रामीणों ने पुलिस से धोखाधड़ी (आईपीसी 420), आपराधिक विश्वासघात (आईपीसी 406) समेत अन्य धाराओं के तहत तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने और तीनों भाइयों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने अपनी डूबी हुई रकम वापस दिलाने की भी मांग की है । स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर शिकायत को गंभीरता लेकर जांच की जा रही और फरार मुख्य आरोपी सीटू व उसके साथियों की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है।

# कनाडा में बेस्ट राइटर में फैजुद्दीन का नाम दर्ज




**बुढ़ाना।** बालीवुड फिल्म अधूरा ख्वाब जहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी धूम मचा रही है वहीं नवा. जुद्दीन सिद्दीकी के मंझले भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी का नामांकन गत दिनों कनाडा में काउच फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट राइटर के तौर पर दर्ज हुआ। सबसे खास बात ये भी है कि फैजुद्दीन की फिल्म अधूरा ख्वाब भी इसी फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म नामांकित हुई। एक और खास बात अधूरा ख्वाब में काम कर चुके एक्टर अली मर्चेंट व एक्ट्रैस सोनिया शर्मा का नाम इसी फिल्म फेस्टिवल मे बेस्ट एक्टर व बेस्ट फीमेल एक्ट्रेस के तौर पर दर्ज हुआ। ये दोनों कलाकार इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को फेस्टिवल की ज्यूरी ने काफी सराहा है और फिल्म में काम करने वाले सभी कलाकारों की भी खूब प्रशंसा की है। फैजुद्दीन ने अधूरा ख्वाब की शूटिंग विगत वर्ष बुढ़ाना क्षेत्र में ही की थी। फैजुद्दीन इससे पूर्व अथह्र फिल्म की शूटिंग भी बुढ़ाना क्षेत्र में कर चुके हैं। अगर देखा जाए तो बुढ़ाना क्षेत्र के काफी युवक फिल्म लाइन से जुड गये हैं। फैजुद्दीन की प्राथमिकता यही है कि उनके बड़े भाई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की तरह ही यहां के अन्य लोग भी बड़े पर्दे पर दिखें और कस्बे का नाम श्विव में प्रसिद्ध करें।घ अब वे फिर बुढ़ाना क्षेत्र में एक और बालीवुड फिल्म की शूटिंग करने की फिराक मे हैं। कुल मिलाकर फिल्म अधूरा ख्वाब को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही कामयाबी से फैज़ुद्दीन तो खुश हैं ही लेकिन उनके प्रशंसक उससे ज्यादा खुश हैं।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाला

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक विवाहिता को मारपीट कर घर से बहार निकाल दिया है। और तीन तलाक देने की धमकी दी, जिसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को देने के बाद कोतवाली पहुचकर पुलिस को ससुराल वालो के खिलाफ तहरीर देकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार और ससुराल पक्ष पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार खतौली थाना क्षेत्र के गांव भूड़ निवासी शाहजहा पत्नी आस मोहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की उसकी पुत्री समरीन की शादी तीन वर्ष पूर्व एहतेशाम पुत्र मोहम्मद कपिल निवासी मोहल्ला रामपुर जिला बिजनौर के साथ हुई थी।विवाहिता के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शादी में अपनी पुत्री को हैसियत से भी अधिक दान दहेज दिया था। आरोप है कि विवा. हता के ससुराल वाले और उसका पति एहतेशाम शादी में दिए दान दहेज से खुश नजर नही आये और कम दहेज लाने पर समरीन के ससुराल वाले और उसका पति, सास, ननद, जेठ आदि विवाहिता के साथ रोजाना मारपीट करने लगे, वही विवाहिता के परिजनों ने बताया कि पति अतिरिक्त दहेज की मांग में एक बाइक और अपना मकान बनवाने की मांग करते हुए उसे घर मे नही रखने की धमकी देने लगा, विवाहिता के परिजनों ने आरोप लगाया की कुछ माह पूर्व ससुराल वालों ने एक राय होकर विवाहिता से अतिरिक्त दहेज नही लाने की बात पर उसकी साथ जमकर मारपीट और गाली गलौज की तथा जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया और उसे एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है पीड़ित विवा. हिता समरीन के पति ने उसे सबके सामने तीन तलाक बोलकर घर से धक्का देकर निकालने की धमकी दी। मजबूर होकर विवाहिता ने अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी जिसके बाद विवाहिता के परिजन उसे ससुराल से घर लेकर आ आये। वही पीड़ित विवाहिता ने खतौली कोतवाली पहुचकर पुलिस को आप बीती बताई ससुराल वालों से अपनी जान माल का खतरा बताया विवाहिता ने पुलिस को अपने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर पुलिस से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। उधर पुलिस ने पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जलालपुर नीला में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामराज।** रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर नीला में पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना रामराज पुलिस टीम ने गांव की महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी और आपातकालीन स्थिति में उपयोग किए जाने वाले टोल फी नंबरों से अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, ग्राम की बहुएं, सरकारी संस्थानों से जुड़ी सम्मानित महिलाएं, गांव की लड़कियां और अन्य ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। पुलिस ने इस अवसर पर कुछ महिलाओं को सम्मानित भी किया।

# नई मंडी रामलीला में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी रही आकर्षण का केंद्र



**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वें श्री रामलीला महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा है। आज श्री रामल. ीला भवन नई मंडी से भगवान श्री राम की भव्य बारात मंडी के मुख्य मार्गो मे निकाली गई शोभा यात्रा का शुभारंभ उद्यमी विशु तायल ने नारियल फोड़कर किया बारात का मुख्य आकर्षण स्वर्ण रथ पर प्रभु श्री राम अपने तीनों भाइयों के साथ विराजमान थे बारात में ढोल ताशे व पांच बैण्ड श्री राम भजनों की धुन बजाकर शोभा बढ़ा रहे थे शोभा यात्रा मे सुंदर-सुंदर झांकियां जिसमें ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी बारात में भगवान शंकर जी अपने गनों के साथ विराजमान थे वही भगवान कृष्ण जी की झांकी ने भी सबका मन मोह लिया बारात का जगह जगह प्रभु श्री राम की आरती एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग व कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया, कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, अचिन सागर विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, डॉ प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, राजेश गोयल, रवि गोयल आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के सहायक उपकरणों का किया गया पंजीकरण



**मुजफ्फरनगर।** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद में संचा. लित समेकित शिक्षा में दिव्यांग बच्चों को राज्य परियोजना निदेशक द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समग्र शिक्षा मुजफ्फरनगर एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के कुशल निर्देशन में विकास क्षेत्र जानसठ के ब्लाक संसाधन केन्द्र पर कक्षा 1 से 08 तक विद्यालयों में अध्ययनरत 06 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुशील कुमार द्वारा कराया गया कैम्प में एलिम्को कानपुर के आर्थोटिक एण्ड प्रोस्थोटिक विशेषज्ञ अश्वनी कुमार, सूरज कुमार, ऑडियोलरजिस्ट, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण द्वारा दिव्यांग बच्चो का परीक्षण किया गया तथा उपकरणो हेतु चिन्हित किया गया, तथा आकाश सैनी व अभिषेक द्विवेदी (डाटामेन) द्वारा बच्चों का डाटा ऑनलाइन किया गया। कैम्प मे 95 बच्चों का पंजीकरण किया गया तथा 73 बच्चों को 99 उपकरणों जिसमें 15 ट्राईसाइकिल, 13 व्हील चेयर, 26 हियरिंग ऐड, 24 एम0आर0 किट, 8 बैशाखी, 04 सी0पी0 चेयर, 3 रोलेटर, 02 स्मार्ट केन ,02 ब्रेल किट, हेतु चिन्हित किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुशील कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा जनपद में दो कैम्प आयोजन के निर्देश दिये गये है दूसरा कैम्प 29.09.2025 को नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया जायेगा, कैम्प खण्ड शिक्षा अधिकारी जानसठ राकेश कुमार गोड की देखरेख मे सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पेशल एजूकेटर विनोद कुमार,धर्मेन्द्र कुमार,मनोज भारद्वाज एवं प्रमिता तथा ब्लाक संसाधन केन्द्र के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

समन वास्ते कराररबाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय खतौली जिला मु0नगर।**

वाद संख्या T202409550603761 सन् 2023

1. कुलदीप पुत्र श्री सीताराम निवासी ग्राम अब्दुल्ला नगर उर्फ सोन्टा परगना व तहसील खतौली जिला मु0नगर। .....वादी

**बनाम**

1. धर्मवीर पुत्र श्री मांगेराम, 2. राजेन्द्र पुत्र श्री मांगेराम, 3. यशपाल पुत्र श्री धर्म सिंह, 4.श्रीमति इन्द्रा पत्नि यशपाल सिंह, 5.अक्षय कुमार पुत्र यशपाल सिंह, 6. योगेश कुमार, 7. लोकेश कुमार पुत्रगण नारायण सिंह, 8.रामधन, 9. श्यामधन, 10. मनोज कुमार पुत्रगण राजाराम, 11. अमित कुमार, 12.सुमित राठी पुत्रगण ओमपाल निवासीगण ग्राम अब्दुल्ला नगर उर्फ सोन्टा परगना व तहसील खतौली जिला मु0नगर, 13. ग्राम पंचायत अब्दुल्ला नगर उर्फ सोन्टा द्वारा ग्राम प्रधान गांव अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर 14. उत्तर प्रदेश सरकार। ........... **प्रतिवादीगण**

**अन्तर्गत धारा 38 (2) यू.पी.आर. सी. 2006 मौजा अब्दुल्ला नगर उर्फ सोन्टा**

विषय: समन वास्ते प्रकाशन

हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की, में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप विपक्षीगण को बतारीख 08 माह 10 सन् 2025 समय 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील जो उक्त मुकदमे हालात से कराकर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो ऐसे सवालात दे सके हाजिर व जवाब देही दावा करे उसी रोज आपका जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में व इस्तेमाल कराना चाहते हो, पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 24 माह 09 सन् 2025 जारी किया गया है। **उपजिलाधिकारी खतौली।**

# नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**बघरा।** कृषि विज्ञान केंद्र बघरा में उप निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही की अध्यक्षता में एक कृषि विभाग के लिए नैनो उर्वरकों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक सविता आर्य एवं कृषि वैज्ञानिक पादप सुरक्षा से वीरेंद्र कुमार रहे। यहां कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी एवं ईफको से डीजीएम अरविंद कुमार ढाका, क्षेत्रीय अधिकारी ईश्वर सिंह एवं एसएफए सक्षम सिंह उपस्थित रहे।

यहां प्रोग्रेसिव किसान तैमूर राणा के साथ साथ भारी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इफको क्षेत्रीय अधिकारी ईश्वर सिंह ने किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग के फायदे बताते हुए कहा कि अधिक रासायनिक उर्वरक फसल व मिटी दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने रबी सीजन की फसल बुवाई में नैनो डीएपी से बीज उपचार पांच एमएल प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचार करके बोने से फसल की जड़ का विकास, तना का विकास और उत्पादन में वृद्धि होती है और साथ ही बताया कि प्रति एकड़ केवल 2 बोरी यूरिया पर्याप्त है जबकि किसान छह बोरी तक डालकर मृदा की उर्वरता घटा रहे हैं और किसानों को इफको द्वारा दिए जा रहे संकट हरण बीमा दस हजार रुपये प्रति बोतल के बारे में जानक. ारी की। यहां इफको डीजीएम अरविंद कुमार ढाका ने जैव उर्वरक, सागरिका तथा जल विलय उर्वरकों के उपयोग से होने वाले लाभ बताए। कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक सविता आर्य ने कहा कि अगर हम बीज का सही चुनाव करें तब अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। यहां कृषि वैज्ञानिक पादप सुरक्षा से वीरेंद्र कुमार ने किसानों से संतु. लित रासायनिक उर्वरकों के साथ नैनो उत्पादों के प्रयोग का आह्वान किया।

## बरवाला में अभिभावकों को दिखाई गई उत्तर पुस्तिकाएं



अध्यापिका स्वाती खतियान् द्वारा सभी छात्र छात्राओं की उत्तर पुस्तिका अभिभावको को दिखायी गयी

**मुजफ्फरनगर।** जिला मुज़फ्फर नगर के प्राईमरी स्कूल बरवाला-1 में अभिभावक अध्यापक् बैठक का। आयोजन किया गया बैठक में। तृस्त्रीय परीक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त लेने वाले। छात्र छात्राओं को इनाम दिया गया बैठक में समस्त स्टाफ् कि साथ साथ 50 प्रतिशत् अभिभावको ने अपना समय दिया इसके साथ साथ प्रधानाध्यापक मनोज कुमार और सहायक्

# दरोगा अनिल कुमार का आकस्मिक निधन, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के गांव भैंसी निवासी दरोगा अनिल कुमार (56 वर्ष) पुत्र हरवीर सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव व परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। अनिल कुमार वर्ष 1989 बैच में पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे और वर्तमान में बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद थाने में सेकंड दरोगा के पद पर तैनात थे। बताया गया कि डड्यूटी के दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई थी।

सहकर्मी उन्हें तत्काल दिल्ली के फोर्टिस रिसर्च हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी हृदय गति रुक गई और डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अनिल कुमार के निधन की सूचना मिलते ही गांव व परिवार में कोहराम मच गया। मेरठ में निवासरत परिवार में पत्नी छोटे बेटे के पास रहती हैं, जबकि उनके दोनों पुत्र अंकित व अश्वनी पीएसी में तैनात हैं। निधन की सूचना पर सीओ खतौली राम आशीष यादव, थाना प्रभारी दिनेश कुमार बघेल, नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी व भैंसी चौकी प्रभारी नंदकिशोर गांव पहुंचे। अधिकारियों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अनिल कुमार के पार्थिव शरीर को गांव लाया गया, जहां पुलिस बल की मौजूदगी में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद ग्रामीण श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में भारी भीड़ उमड़ी। सैकड़ों ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें राजू अहलावत, सुनील अहलावत, प्रधान अमित अहलावत, समाजसेवी जतिन चौधरी, पवित अहलावत, पवित अहलावत, विशाल, मोनू, अजीत, अंकुर, दयानन्द, वेदपाल, यौगिंदर, टीटू, अरविंद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र बाटी व उसकी पत्नी श्रीमति अंशु मेरे कहने सुनने से बाहर है तथा आये दिन झगडा फसाद व उल्टे सीधे कार्य करते रहते है। मै अपने पुत्र बाटी व उसकी पत्नी श्रीमति अंशु की हरकतो से बडा दुखी व परेशान हूँ। इसलिए मै आज से अपने पुत्र बाटी व उसकी पत्नी श्रीमति अंशु से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ तथा इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।आज के बाद बाटी व उसकी पत्नी श्रीमति अंशु से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का किसी प्रकार का कोई वास्ता मतलब नही रहा है और न ही भविष्य में रहेगा।

**राजेश पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हुसैनपुर बोपाडा थाना मन्सूरपुर जिला मुजफ्फरनगर**

# सनातन धर्म कॉलेज की शिक्षण व्यवस्था का अनुसरण करेगा गुजरात का महाविद्यालय



**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म कॉलेज मुजफ्फरनगर के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सनातन धर्म कॉलेज मुजफ्फरनगर ऐसा शासकीय महाविद्यालय है जो नैक से ए ग्रेड प्राप्त है, और यह महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी प्राप्त कर चुका है। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत गुजरात सरकार ने देश के ऐसे श्रेष्ठ महाविद्यालयों का चयन किया है जो नैक से श्रेष्ठ ग्रेडिंग प्राप्त है। ताकि गुजरात सरकार के अधीन चलने वाले महाविद्यालयों के शिक्षक देश में श्रेष्ठ ग्रेडिंग प्राप्त महाविद्यालयों में जाकर वहां की शिक्षा प्रणाली से भली प्रकार परिचित होकर अपने यहां श्रेष्ठ शैक्षणिक व्यवस्था बनाएंगे। ताकि वे भी नैक से अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त कर सके। इस व्यवस्था के अंतर्गत गुजरात प्रदेश का बहुउद्दीन साइंस कॉलेज जूनागढ़ ,की फैकल्टी सनातन धर्म कॉलेज मुजफ्फरनगर जो नैक से ए ग्रेडिंग प्राप्त है , यहां आकर कॉलेज की श्रेष्ठ शिक्षा प्रणाली एवं अन्य व्यवस्थाओं से भली प्रकार परिचित होगे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र मौ0 अरमान के जन्म प्रमाण पत्र संख्या **2826 दिनांक 26/03/2011** में गलती से पिता का नाम **मौ0 सुब्हान अंसारी** अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक एवं सभी अभिलेखों में मेरा नाम **मौ0 सुब्हान** है, और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बन्धित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक : **मौ0 सुब्हान**, खालापार, मुजफ्फरनगर। मोबाइल नं0 7417223677.

# पत्नी के अपहरण का आरोप लगा पीड़ित पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रियावाली नंगला में एक विवाहिता के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने गांव के ही एक युवक पर तमंचे के बल पर पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रियावली नंगला गांव निवासी सत्तन पुत्र बीरबल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 सितंबर की शाम वह अपनी पत्नी रूबी के साथ घर के बाहर किसी कार्य से गया हुआ था। इसी दौरान गांव का एक युवक आया और पत्नी को तमंचे के बल पर अपहरण कर ले गया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

सत्तन ने घटना के बाद पत्नी की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर उसने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई। ग्रामीणों में चर्चा है कि आरोपी युवक लंबे समय से विवाहिता के घर के आसपास मंडराता था, जिसका पति ने कई बार विरोध भी किया, लेकिन आरोपी बाज नहीं आया। फिलहाल पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर जांच पड़ताल कर रही है। घटना से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

# रामलीला में विभोर डागा बने मुख्य यजमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के राजवंश धर्मशाला के पास रामलीला कमेटी द्वारा प्रोजेक्टर पर रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में किड्स केयर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विभोर डागा को मुख्य यजमान बनाकर पूजा-अर्चना कराई गई।

विभोर डागा ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला। वेद्य प्रद्युमन शर्मा, सुरेंद्र अग्रवाल, शिवम राजवंशी, मोहन सैनी, सचिन ठाकुर, अंकित शर्मा, पुनीत वर्मा, विकास कौशिक, अवधेश शर्मा, सचिन मुल्तानिया, अरुण यादव, मंगतराम और रवि शंकर शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा नाम MOHD JAKEER HUSSAIN था जिसे मैंने मौ0 जाकिर हुसैन से बदलकर 'ZAKIR HUSSAIN जाकिर हुसैन कर लिया है भविष्य में मुझे जाकिर हुसैन के नाम से जाना व पहचान जाये

**जाकिर हुसैन S/0 सगीर अहमद चितौड़ा मुजफ्फरनगर 251314**

# महादेव-मौहम्मद मामले के चलते पुलिस अलर्ट

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में वैसे तो आई लव महादेव या आई लव मौहम्मद को लेकर कोई भी बात नहीं है लेकिन फिर भी सुरक्षा की ख्रष्टि से शनिवार के दिन एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने कस्बे और क्षेत्र के अति संवेदनशील और संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च किया और दोनों धर्मों के काफी लोगों से संवाद किए। एसपी देहात अदित्य बंसल के नेतृत्व में बुढाना कोतवाली क्षेत्र में कई जगहों पर पुलिस का गश्त बराबर जारी रहा। उनके नेतृत्व में अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया और सभी से शांतिपूर्ण माहौल की अपील की गयी। बताया जाता है कि आई लव महादेव और आई लव मोहम्मद के प्रकरण को देखते हुए इस समय बुढाना पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिसके चलते जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में लगातार शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मय भारी फोर्स के साथ पैदल गश्त कर रही है। गश्त में बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह नागर, एसएसआई ललित कुमार शर्मा और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार आदि पुलिस बल रहा।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. -B202509900200013444/16.3.2025 में गलती से नाम अभ्यंत कराया था, जबकि उसका वास्तविक नाम अभ्यंत तोमर है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मनीष चौधरी, व्यास कालोनी, शुक्रताल मु.नगर 7037055286**

**सूचना**

मेरी पुत्री शीमा के प्रमाण पत्र सं.-131 व जन्म प्रमाण पत्र सं.-28.11.2008 में गलती से मेरा नाम फिरदौस अंसारी अंकित हो गया था जबकि वास्तविक नाम फिरदौस जहां है भविष्य में मुझे फिरदौस जहां के नाम व पहचाना जायेगा।

**फिरदौस जहां पत्नी मौ.नौशाद निवासी 561 खालापार तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

# एसडीएम ने दुर्गाष्टमी शोभा यात्रा समिति को दिया आश्वासन



**शाहपुर।** धर्मनगरी शाहपुर में आगामी 29 सितंबर को आयोजित होने वाली 18वी श्री दुर्गा अष्टमी शोभायात्रा में बतौर अतिथि शामिल होने के लिए लोकप्रिय एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव को निमंत्रण पत्र दिया। तथा यात्रा को सकुशल संपन कराने हेतु यात्रा मार्ग पर चर्चा की। उपजिलाधिकारी ने प्रशासनिक व सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी मुस्तैदी के साथ यात्रा में रखे जाने का आश्वासन शोभा यात्रा समिति को दिया है। इस दौरान शोभायात्रा समिति से गौरव शर्मा, बिटू राज वर्मा, भाग्य शर्मा, लव वर्मा, कुश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:172 सा.प्र. / 2025 - 26 दिनांक- 27/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के बछेडी रोड सरवट कब्रिस्तान में 30 नग ऑक्टोगोनल पोल्स 06 मी. एवं 30 नग 45 बॉट एल.ई.डी. लाईट लगाने के कार्य व्यापार कर/आयकर / जी.एस.टी. पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई-निविदा दिनांक 20-10-2025 की अपराहन 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाई **https://etender.up.nic.in/nicgep/app** पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 29.09.2025 की प्रात: 10 बजे से दिनांक 20.10.2025 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रु. 100/- के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के नाम बन्धक होगी जो निविदा के समय स्कैन की जानी आवश्यक है तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के पक्ष में जारी कराते हुए दिनांक 20-10-2025 की प्रात: 10 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बाक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक-20-10-2025 को सायं 4 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को साय 4.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत्त स्वीकृत है।

**मार्ग प्रकाश प्रभारी** **अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

**नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजपफरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत मौ. शमशाद, पुत्र स्व. श्री दीन मौहम्मद, निवासी ग्राम व पोस्ट शेरनगर, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र संख्या-MZDA/BP/25-26/0214 के द्वारा अपनी भूमि प्लॉट नं0-2C, खसरा नं0-1159, मौहल्ला-भरतिया कॉलोनी, जिला-मुजफ्फरनगर के कुल क्षेत्रफल 41.80 वर्ग मी. (कुल नेट क्षेत्रफल 32.65 वर्गमी.) पर व्यावसायिक (रिटेल शॉप) भवन के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल प्लॉट नं0-2C, खसरा नं0-1159, मौहल्ला-भरतिया कॉलोनी, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 30 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार / मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त आवासीय (400 से 750 व्यक्ति/ हेक्टेयर) भू-उपयोग में दर्शित है।उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.1 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग के अन्तर्गत रिटेल शॉप की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (मले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों / सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति /सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। **सचिव,विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनन्त सिंघल का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन किया था जिसका प्रमाण पत्र संख्या कार्यालय द्वारा मुझे प्राप्त हो चुका है। जिसका पंजीकरण सं. -B202409900200007381 जारी दिनांक 04.10.2024 तथा जन्म तिथि 14.6.2024 है। परन्तु उक्त जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि से मेरे पुत्र का शिवायु सिंघल लिखा गया था जो गलत है। मेरे पुत्र का नाम अनन्त सिघल है जो सही व शुद्ध है

**शिवम सिंघल पुत्र विजय सिंघल निवासी म.न.-129/7 सरवट गेट, नोर्थ अंसारी रोड जिला मुजफ्फरनगर मो०न-9368355328**

# आवास एवं विकास परिषद की लापरवाही से कालोनीवासियों की जिंदगी खतरे में

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आवास एवं विकास परिषद विभाग की बड़ी लापरवाही से अशोक विहार कॉलोनी में रहने वाले हजारों लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। कॉलोनी की पानी की टंकी की महीनों से सफाई न होने के चलते घरों तक दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इस जहरीले पानी को पीने से कॉलोनी के दो दर्जन से अधिक बच्चे गंभीर बीमारी की चपेट में आ गए हैं, जबकि सैकड़ों लोग विभिन्न शहरों के अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर टंकी की सफाई कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी मानो किसी बड़ी महामारी का इंतजार कर रहे हों।

**अशोक विहार कॉलोनी में गंदगी से महामारी का खतरा**

जानकारी के मुताबिक, खतौली कस्बे में जीटी रोड स्थित अशोक विहार विकास समिति कॉलोनी में हजारों परिवार रहते हैं। सरकार की ओर से बसाई गई इस कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए विभाग ने पानी की टंकी का निर्माण कराया था। लेकिन लंबे समय से टंकी की सफाई न होने से पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है। यही नहीं, कॉलोनी में सालों से सफाई व्यवस्था भी बदहाल है। गंदगी और दूषित पानी के कारण लोगों को महामारी फैलने का डर सता रहा है।

**हमारे बच्चे बीमार हैं कॉलोनीवासी**

कॉलोनी की निवासी गीता देवी ने कहा, हहमारे छोटे-छोटे बच्चे दूषित पानी पीकर बीमार पड़ गए हैं। कई बच्चों को उल्टी-दस्त और बुखार की शिकायत है। हम लगातार अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी हमारी तकलीफ सुनने तक को तैयार नहीं।हकालोनी निवासी और अध्यक्ष सुधीश पुंडीर का कहना है, हयहां के लोग मजबूरी में दूषित पानी पी रहे हैं। कई घरों में पूरे परिवार बीमार हो चुके हैं। अगर तुरंत टंकी की सफाई नहीं हुई तो कोई बड़ी महामारी फैल सकती है।



**मुख्यमंत्री से लगाई गुहार**

अशोक विहार विकास समिति के अध्यक्ष सुधीश पुंडीर और कॉलोनीवासियों ने इस समस्या को लेकर जेई समेत उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र भेजकर विभागीय अधिका. रियों के खिलाफ कार्रवाई और टंकी की तत्काल सफाई कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कॉलोनी में किसी बड़े संकट से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## शहीदे आज़म का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**मुजफ्फरनगर।** शहीद भगत सिंह सेवा दल द्वारा शहीदे आज़म भगत सिंह जी के जन्मदिन पर गांधी वाटिका स्थित भगत सिंह प्रतिमा स्थल पर सभी सेवादार एकत्रित हुए, सर्वप्रथम भगत सिंह जी की प्रतिमा स्थल को गुब्बारों और तिरंगीं झंडियो से भव्य रूप से सजाया गया, फिर उनकी प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किए, तत्पश्चात पूरी टीम शुक्रताल स्थित अपनाघर आश्रम के लिए रवाना हुई, जहाँ नर सेवा को ही नारायण सेवा माना जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सेवादल के संरक्षक कस्तूरी लाल मलिक व राजकिशन बाठला, चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा, अध्यक्ष राकेश ढींगरा, महामंत्री विकास कुमार अरोरा शैरी, कोषाध्यक्ष स. दिवप्रीत सिंह हन्नी, नीरज डाबर, राजेश कुमार बब्बल, राकेश हुड़िया, संजय मालिक, नितेश बख्शी सोनू, नवनीत आदि सदस्य उपस्थित रहें।

# पूर्व चेयरमैन बाबू सलामत ख़ान के बंगले वाले बाग़ में तीन दिवसीय भव्य दंगल का शुभारंभ

**पुरक़ाज़ी।** शुक्रवार को क़स्बा पुरक़ाज़ी में पूर्व चेयरमैन बाबू सलामत ख़ान की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय विशाल दंगल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोक. दल द्धरालोदऋ नेता बशारत ख़ान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दंगल के ख़लीफ़ा नवाब कुरैशी और रेफ़री भूरा पहलवान ने किया। आयोजन के पहले ही दिन से कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।दंगल की शुरुआत छोटे बच्चों की कुश्तियों से हुई, जिसके बाद बड़े पहलवानों की दमदार और रोमांचक कुश्तियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें स्थानीय एवं दूर-दराज़ के नामी पहलवानों ने शिर. कत कर अपनी ताक़त और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।विशिष्ट अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर, साफ़ा बांधकर और प्रतीक चिह्न भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि बशारत ख़ान ने कहा ख्र हखेल हमारे मानसिक एवं शारीरिक विकास का आधार हैं। दंगल जैसी प्रतियोगिताएँ समाज में भाईचारे और उत्साह को बढ़ावा देती हैं।दंगल का मुख्य आकर्षण महिला और पुरुषों की कुश्तियाँ रहीं। कई मुक. ाबले इतने रोमांचक रहे कि तय समय के बाद भी परिणाम बराबरी पर रहा, ऐसे में पहलवानों को समान पुरस्कार प्रदान किए गए।अंत में विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार और मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में माहौल उत्साह, जोश और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।



# मेपल्स एकेडमी में गरबा ए ग्लैमर का हुआ आयोजन





**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढाना में शनिवार को नवरात्रि के 5वें दिन मां स्कंदमाता की स्तुति के साथ गरबा ए ग्लैमर आयोजित किया गया। जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा 5 तक की छात्राओं व एकेडमी की शिक्षिकाओं ने बहुत ही ऊर्जा व उत्साह के साथ भागीदारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ चीफ गेस्ट एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव, एकेडमी प्रबंधक मंडल की सदस्या कुसुम लता गर्ग, रितु गर्ग व प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। शिक्षिकाओं द्वारा भक्ति से भरी माता की स्तुति प्रस्तुति ने एकेडमी प्रांगण को आध्यात्मिक आभा से भर दिया। नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के रंग बिरंगे गरबा नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण में एकेडमी की शिक्षिकाओं के द्वारा माता को प्रसन्न करने हेतू बंगाल राज्य के पारंपरिक नृत्य धुनुची की प्रस्तुति रही। यहां शिक्षिका परिधि बालियान व साधना मुखर्जी ने बहुत ही प्रेरणादायी भक्ति से भरी जानकारी में मां के नव स्वरूपों व उनकी कथाओं का वर्णन किया। सबसे उत्साहपूर्ण व रंगारंग क्षण ये रहा जब सब महिलाओं ने मिलकर डांडिया की थाप पर सामूहिक गरबा नृत्य किया। जिससे एकेडमी प्रांगण का पूरा वातावरण भक्ति, संगीत, उल्लास और आनंद से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन करते हुए मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के पूरे परिवार ने मातृ शक्ति को नमन किया व पारंपरिक रंगों उमंग व उल्लास से भरकर इस नवरात्रि को अविस्मरणीय स्मृति बनाया।

# गर्भ निरोधक डे पर दी परिवार नियोजन की जानकारी

**बुढ़ाना।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में विश्व गर्भ निरोधक दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। यहां आयोजित हुए कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लाक बुढ़ाना के खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया।

ये दिवस जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मनाया गया।

यहां पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप ने समस्त स्टाफ के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि विश्व गर्भ निरोधक दिवस का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन और यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाना है। परिवार नियोजन हमारे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



उन्होंने परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक उपायों और युवाओं की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। स्टाफ नर्स पारसमणी शर्मा व कविता एएनएम ने महिलाओं व पुरुषों को स्थायी और अस्थायी परिवार नियोजन के संसाधनों के बारे में जानकारी दी गई। यहां पर लैब टेक्निशियन पुनीत राठी, बिट्टू, अलका, सुषमा, साक्षी, मंजू, शशि व पिंकी आदि आशाएं भी उपस्थित रही।

# एसडी इंजीनियरिंग में नवरात्रि पर्व मनाया



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर गरबा ए ग्लैम-2025 का रंगारंग आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में सजधजकर उत्साहपूर्वक भाग लिया और गरबा एवं डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पूरा कार्यक्रम हर्ष, उमंग और उल्लास से भरपूर रहा, जिसने नवरात्रि पर्व की भव्यता में चार चांद लगा दिए। पारंपरिक संगीत की धुनों ने माहौल को और भी मनोरम बना दिया। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक लोकगीतों और आधुनिक धुनों पर डांडिया खेलकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत डांडिया प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार वासुदेव व आरुषि तथा द्वितीय पुरस्कार विशेष व हिमांशी को प्रदान किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हभारतीय संस्कृति और परंपराओं की जड़ें हमें सदैव एकता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा की प्रेरणा देती हैं। इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और रचनात्मकता को निखारने में सहायक सिद्ध होते हैं। कॉलेज परिवार को गर्व है कि हमारे छात्र शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।ह उन्होने सभी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल उत्सव का आनंद देते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में भाईचारे, अनुशासन और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। निदेशक डॉ। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन विद्यार्थियों को न केवल मनोरंजन और आनंद प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, सामूहिकता और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। नवरात्रि का पर्व शक्ति, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और हमें अपनी परंपराओं के साथ-साथ आधुनिकता का भी संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## एसडी मैनेजमेंट में इंडक्शन कार्यक्रम संपन्न



**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सत्र 2025-26 हेतु एमबीए व एमसीए प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी छात्रों के लिए ष्इंडक्शनष कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता जी ने छात्रों से आशा व्यक्त की कि नए छात्र कॉलेज के नियमों-नीतियों को समझें और अपनाएं, साथ ही आपसी सहयोग, अनुशासन एवं परिश्रम की भावना से आगे बढ़ें, जिससे न केवल वे स्वयं सफल हों बल्कि उनकी प्रगति से कॉलेज का नाम भी उज्जवल हो। उन्होंने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम केवल एक शुरुआत है और आने वाले दिनों में छात्रों को अनेक अवसर मिलेंगे, जिनके माध्यम से वे अपने कौशल और व्यक्तित्व का विकास कर सकेंगे। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित व सफलतापूर्वक संचालन प्रवक्ता महिमा मंगल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होने प्रतिभागियो को चौट जीपीटी जैसे नवीनतम ए.आई टूल्स की सहायता से प्रभावशाली प्रजेटेंशन तैयार करने, उन्हें आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने तथा कंटेंट को बेहतर ढंग से प्रेषित करने के व्यवहारिक गुर सिखाएं। इस सत्र के दौरान अनेक लाइव डेमो, अभ्यास आधारित गतिविधियों की सहायता ली गई । यह समापन समारोह न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा बल्कि कॉलेज प्रशासन और संकाय के लिए भी संतोष का विषय बना कि नए छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ किया है। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रथम वर्ष के अभय, तरू, अर्णव, पायल, वैष्णवी, वर्णिका, शिवांगी, आर्यन, अवधेश, अर्पिता, विनीता, सम्यक, अंशुल, दानियाल मेहदीं आदि छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। उन्होंने अपने विचार भिन्न-भिन्न विषयों पर प्रजनटेशन द्वारा साझा किए, और कहा कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने उन्हें न केवल कॉलेज की कार्यप्रणाली से अवगत कराया बल्कि उन्हें सिखाया भी।

# महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी : मीनाक्षी स्वरूप

**मुजफ्फरनगर।** महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा आज के समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। महिलाओं को सम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के लिए शनिवार को मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, बेगराजपुर में आयोजित मिशन शक्ति 5.0 की जागरूकता गोष्ठी समाज में सकारात्मक संदेश छोड़ गई।

शनिवार को मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, बेगराजपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस के महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक भव्य जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय वर्मा, मिशन शक्ति अभियान की नोडल अफसर एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ, सीओ खतौली तथा एसएचओ मंसूरपुर सुभाष अत्री शामिल हुए। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल रोहताश कंवर यादव, विशिष्ट अतिथि बीना शर्मा, चंचल सक्सेना, सानिया बिंदल, अनुराधा वर्मा और शालू सैनी सहित कॉलेज का नर्सिंग स्टाफ और छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अपने संबोधन में एसएसपी संजय वर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज तभी प्रगतिशील होगा जब महिलाएं सुरक्षित और आत्मनिर्भर होंगी। मिशन शक्ति अभियान न केवल सुरक्षा बल्कि आत्मविश्वास और जागरूकता का भी प्रतीक है। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। समाज की अर्धांगिनी जब सशक्त होगी, तभी परिवार और राष्ट्र मजबूत होंगे। एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 और महिला हेल्पडेस्क जैसी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति के संदेश को घर-घर और समाज तक पहुँचाने का आ]वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की गरिमा को बढ़ावा देना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना रहा।



# दिन निकलते ही वकील के मकान में चोरी, गांव में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** दिन निकलते ही चोरो ने बेलड़ा गांव मे वकील के घर मे चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। चोर अलमारी का ताला तोड़कर कीमती जेवर व नगदी गायब ले उड़े हैं। घटना के बाद गांव मे दहशत व्याप्त हो गयी है।

पुलिस घटना की जांच मे जुट गयी। शीघ्र घटना के खुलासे का आश्वासन पुलिस ने पीड़ित परिवार को दिया है।

भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलडा निवासी राजेन्द्र एडवोकेट ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की वह पत्नी बीरमती संग शनिवार की अलसुबह घेर मे बंधी गाय का दूध निकालने गये थे। जाते समय वह घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा गये थे।

कुछ देर बाद राजेंद्र वापस लौटे।और मुख्य द्वार का ताला खोलकर घर मे प्रवेश किया जहां कमरे का दरवाजा खुला मिला।कमरे मे रखी अलमारी का ताला टूटा मिला। जहां से सोने के पांच आभूषण, नथ, टीका, पंचांगले , कान की बाली , मंगलसूत्र व 42 हजार रुपए गायब मिले पीड़ित ने 112 डायल को सूचना दी , भोपा पुलिस ने डॉग स्कवायड टीम की सहायता से घटना की गहनता से जांच की व आस पास लगे सर्विलांस कैमरो फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया की चोरी की घटना के संबंध मे तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जायेगी

## सपा नेता वसीम ने मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शनिवार के दिन कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला करबला रोड पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने बीते कल हुई सादिक मलिक की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और उसके परिजनों से मुलाक़ात कर ताज़ियत पेश करते हुए कहा कि अल्लाह से दुआ करता हूं कि वे मरहूम की मग़फ़िरत फ़रमाए और परिवार वालों को सब्र-ए-जमील अता फ़रमाए। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मृतक सादिक लगभग 40 दिन से जिला जेल में बंद था। जो कि बुढ़ाना पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर पकडकर जेल भेज दिया था। सादिक पर आरोप था कि उसने एक कथित चोर की अपने घर में घुसने पर कुछ युवकों के साथ मिलकर पिटाई कर दी। अगले दिन वह मर गया था तो सादिक को भी नामजद किया गया था।

# पुलिस ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

**मीरापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के तहत थाना मीरापुर में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाएं और छात्राएं थाने पर पहुंचीं, जहां उनका स्वागत थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा एवं महिला एसआई ममता अत्री द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए और उन्हें विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क और सक्षम रहने के उपाय बताए गए। थाना प्रभारी ने छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी कि किसी भी विपरीत स्थिति में वे महिला हेल्पलाइन नंबरों या थाने के सीधा संपर्क नंबरों पर कॉल कर मदद प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने आ्वस्त किया कि शिकायत दर्ज होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही छात्राओं को थाने का भ्रमण भी कराया गया, जिसमें उन्हें कार्यालय, बैरक, कंप्यूटर कक्ष, महिला डेस्क और अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों से परिचित कराया गया। छात्राओं ने उत्सुकता के साथ सभी व्यवस्थाओं को देखा और आत्मरक्षा के गुर सीखने में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं वंदना शर्मा एवं विशाखा के साथ छात्राएं साधना, अदिति, रितिका, सोनम, सादिया, इकरा, मानवी, नगमा, वंदना आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम ने छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार किया।

# महाराजा अग्रसैन ने समाज में एकता और समानता को बढ़ाया: मीनाक्षी स्वरूप

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के तत्वावधान में एसडी मार्किट स्थित महाराजा अग्रसैन स्मारक पर अग्रसैन जयंती के उपलक्ष्य में भव्य महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।महायज्ञ में नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने विशेष रूप से आहुति दी और समाज की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसैन का जीवन समरसता, सामाजिक न्याय और सेवा भावना का प्रतीक रहा है। उन्होंने समाज में एकता और समानता को बढ़ावा देने के लिए आजीवन कार्य किया। उन्होंने महाराजा अग्रसैन के आदर्शों को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। महायज्ञ में मुख्य यजमान उद्यमी वैभव जैन सपत्नीक शामिल रहे। वैश्य महासंगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं।



महायज्ञ के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की व्यवस्था और अनुशासन की सराहना नगरवासियों द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, भाजपा नेता विशाल गर्ग, संजय अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, सभासद नवनीत गुप्ता, अजय सिंघल, सुरेन्द्र अग्रवाल, सुनील सिंघल, कृष्णगोपाल मित्तल, ललित माहेश्री, दिनेश बंसल, मिथलेश गोयल, रजत गोयल, पूर्व सभासद आशुतोष गुप्ता के साथ ही वैश्य महासंगठन से श्रवण अग्रवाल, कशिश गोयल, हरीश भूषण, नितिन तायल, कपिल गुप्ता एडवोकेट, हरीश गुप्ता, अनिमेष जिंदल आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**शाहपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में दबंग प्रशासनिक अधिकारी उपजिला मजिस्ट्रेट बुढ़ाना अपूर्वा यादव द्वारा थाना शाहपुर पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस के दौरान एसडीएम द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

एसडीएम द्वारा समस्त अधिक. ारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए।



इसके अतिरिक्त एसडीएम द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी समस्त स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

## रामलीला में हुआ सीता हरण की लीला का मंचन

**भोपा।** जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में युवा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्री रामल. ीला में सीता हरण की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।भोपा में कमेटी के संरक्षक अमरपाल सैनी , अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा, डायरेक्टर शुभम शर्मा व तरूण प्रधान के संयोजन में शुक्रवार की रात्रि में सीता हरण की रामलीला का मनोहारी मंचन किया गया। श्रीराम का किरदार अंकित शर्मा, सीता का वासु सैनी व लक्ष्मण का किरदार आशीष सैनी ने किया। रावण के रोल का अभिनय शुभम वत्स , जटायु मनोज शर्मा तथा हनुमान जी की भूमिका रूद्रप्रताप ने भूमिका निभाई। इसके अलावा योगेश सैनी, मनीष सैनी, अर्जुन, सोम शर्मा, अंकित विभिन्न रोल अदा कर रहे है। रामलीला को देखने के लिए आस पास के गांवों से भी अनेक लोग पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

# वैश्य महासंगठन ने मनाई महाराजा अग्रसैन की 5149 वीं जयंती

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के द्वारा अग्रवाल वैश्य समाज के संस्थापक परम प्रतापी महाराज श्री अग्रसेन जी महाराज के 5149 वी जयंती के उपलक्ष में एक महायज्ञ का आयोजन एस डी मार्केट के प्रांगण में महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के सामने पंडित हवलदार मिश्रा जी के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में वैभव जैन जय हनुमान ग्रुप ऑफ कंपनीस व उनकी धर्मपत्नी श्वेता जैन जी उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वह दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें श्री ललित माह्ेश्वरी जी मंडल संरक्षक, प्रदेश महामंत्री श्रवण अग्रवाल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कशिश गोयल ,मंडल अध्यक्ष हरीश भूषण, मंडल उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट कपिल गुप्ता, महामंत्री हरीश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप मित्तल, आयुष गोयल, महेश मित्तल, विक्की बंसल, नीतू अग्रवाल, विकास बंसल, लवी गोयल, आदित्य बंसल, अहित सिंगल, राहुल जैन, अमित बिंदल, अखिल गोयल, मोहित सिंघल, अभिषेक मित्तल, अनिमेष जिंदल, मोहित बंसल, राघव गुप्ता, नीतीश ईरान, अजय मित्तल, पूर्व बंसल संजय गर्ग, प्रियंक गुप्ता, राजीव गर्ग व महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष नीति सिंघल ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा पूजा गोयल आदि संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विद्यालय में डीएम के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

## डीएम ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने शनिवार को विकास क्षेत्र ऊन के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय गढ़ीपुख्ता नंबर-1 का निरीक्षण किया गया। यहां नामांकित 236 बच्चों में से 170 उपस्थित मिले। विद्यालय में प्रधानाध्यापक, छह सहायक अध्यापक और एक शिक्षामित्र मौजूद रहे। डीएम ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया। पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया गया, लेकिन डेस्क-बेंच की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई। साथ ही बीईओ और ईओ गढ़ी पुख्ता को तत्काल फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सर्वहितकारी कन्या जूनियर हाई स्कूल गढ़ी पुख्ता का निरीक्षण किया गया। यहां नामांकित 209 छात्राओं में से 159 उपस्थित मिलीं।

प्रअ, दो सहायक अध्यापक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे। डीएम ने छात्राओं से मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली और उन्हें इसकी महत्वता बताई। मिड-डे-मील संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा था। प्राथमिक विद्यालय गढ़ी पुख्ता नंबर-2 के निरीक्षण में नामांकित 53 बच्चों में से 40 उपस्थित मिले। विद्यालय में दो



सहायक अध्यापक तैनात हैं, जिनमें से एक उपस्थित और एक अवकाश पर था।

डीएम ने बच्चों से बातचीत की और पढ़ाई को संतोषजनक पाया। मिड-डे-मील रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया। सब्जी-चावल का नमूना संतोषजनक मिला। डीएम ने दोनों विद्यालयों में फर्नीचर की कमी पर कड़ी नाराजगी जताई और बीईओ तथा ईओ गढ़ी पुख्ता को शीघ्र फर्नीचर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय नरेंद्र सिंह और जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

# वेदखेड़ी-मंसूरा मार्ग पर गड्ढा मुक्त अभियान शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** लगातार दो महीने से हो रही बरसात ने वेदखेड़ी-मंसूरा मार्ग की हालत बद से बदतर कर दी थी। जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़ने के कारण यह सड़क हादसों का सबब बन गई थी। आए दिन दोपहिया वाहन फिसलने से कई लोग घायल हुए, जिससे क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी थी। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद विभाग ने संज्ञान लेते हुए गड्ढा मुक्त अभियान की शुरुआत कर दी है। फिलहाल सड़क पर पैचवर्क का काम चल रहा है और गड्ढों को भरा जा रहा है, जिससे आमजन को राहत मिलने लगी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग केवल गड्ढा मुक्त करने से काम नहीं चलेगा। दर्जनों गांव के लोग इसी मार्ग से रोजाना आवागमन करते हैं, जिससे यहां भारी दबाव बना रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क की पूरी मरम्मत के साथ-साथ इसका चौड़ीकरण भी कराया जाए, ताकि आने-जाने वाले लोगों को स्थाई सुविधा मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के बाद इस मार्ग का महत्व और बढ़ गया है, क्योंकि खराब सड़कें न केवल हादसों का कारण बनती हैं बल्कि एंबुलेंस व अन्य आपातकालीन सेवाओं में भी बाधा उत्पन्न करती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चौड़ीकरण का कार्य शुरू करने की मांग की है।

# मेला गुगाल का हुआ विधिवत समापन, दुकानदार किए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन मेला गुगाल का गत दिवस मेला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समापन हुआ।कार्यक्रम में रालोद विधायकों अशरफ अली खां ,प्रसन्न चौधरी व पूर्व विधायक अब्दुल वारिस ने मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों व पुलिस कस्बा इंचार्ज को सम्मानित किया।

थाना भवन मेला गुघाल का 6 सितम्बर अनन्त चतुर्दशी के दिन जाहरवीर गोगाजी की म्हाड़ी पर निशान व प्रसाद चढ़ाने के बाद शुभारंभ हुआ था।मेले में आकर्षक दुकानों के साथ रागिनि कम्पीटिशन, झूले, मौत कुआ,सर्कस,काला जादू,ब्रेक डांस झूला सहित शानदार दंगल ने मेले की शोभा बढ़ाई थी।लोगो ने लगभग 21 दिन तक खानपान की चीजों व खेल तमाशों का पूरा आनंद उठाया।दंगल प्रेमियों को अच्छी कुस्तिया देखने को मिली।गत दिवस शुक्रवार की सांय मेला समापन के अवसर पर मेला परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन भाकियू नेता मास्टर जाहिद ने किया।अध्यक्षता रामनरेश महाराज ने की।कार्यक्रम के शुभारंभ में थानाभवन विधायक अशरफ अली खां, सदर शामली विधायक प्रसन्न चौधरी व रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली, चौयरमैन पति हाजी राव जमशेद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामनरेश महाराज को शाल व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाजसेवी ऋषिपाल ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया।तत्पश्चात चौयरमैन पति हजी राव जमशेद व सभासदों दिनेश कुमार, बॉबी अरोरा, महबूब, अशरफ, सुरेश सैनी, जयभगवान, लाला उर्फ राजवीर सिंह,अथर सिद्दकी ने विधायक अशरफ अली खां, प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक अब्दुल वारिस, योगेंद्र चौयरमैन, रालोद जिला अध्यक्ष वाजिद अली,ऋषिराज राझड का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक अशरफ अली खां ने कहा कि थानाभवन के मेला गुगाल का गौरवशाली इतिहास रहा है।

मेले के आयोजन से जहां लोगो का स्वस्थ मनोरंजन होता है वही आपसी भाई चारे की भावना भी मजबूत होती है।मेले के शांति पूर्ण व शानदार आयोजन के लिए नगर पंचायत व पुलिस भी बधाई की पात्र है।विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा मेले भारतीय संस्कृति की धरोहर है।मेले के आयोजन से लोग मनोरंजन के साथ साथ जरूरत की चीजें भी खरीदते है।मेला गुगाल हिंदू मुस्लिम भाई चारे की एक अद्भुत मिशाल है।चौयरमैन पति हजी राव जमशेद ने मेला गुगाल को शांतिपूर्ण ढंग से समपन्न कराने के लिए सभी दुक. ानदारों पुलिस कर्मियों ,नगरपंचायत कर्मियों , सहित सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अब्दुल वारिश, रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद अली, योगेंद्र चौयरमैन, ऋषिराज राझड आदि ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने मेले में आए दुकानदारों सहित पुलिस कस्बा इंचार्ज इंद्रसेन व उनकी टीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर होगा हवन यज्ञ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। बैठक में यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि और महासचिव अश्वनी तेश्वर ने जानकारी दी कि भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर 3 अक्टूबर को नगर पालि. का परिषद प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद संगल रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी होंगे। नगर पालिका परिषद शामली का समस्त स्टाफ भी हवन यज्ञ में शामिल रहेगा। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को निमंत्रण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार कंडेरा, दीपक चंद्रा, लिपिक प्रदीप कुमार बिडला, अमित शर्मा, नवीन कंडेरा, सभासद विनोद तोमर, गुलजार मंसूरी, तोहिद रहमानी, रोबिन गर्ग, कपिल पंवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्काउट गाइड शिविर का भव्य समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन किया गया शिविर में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें सम्मानित किया गया। डीएवी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड का शिविर शनिवार को समापन किया गया तीसरे दिन शिविर में स्काउट एवं गाइड के पूर्व जिला मुख्य आयुक्त ब्रजेश वशिष्ठ एवं प्रधानाचार्य हरविंद्र सिंह ने ध्वजारोहणकर शिविर का शुभारंभ किया। तीसरे दिन शिविर में छात्र छात्राओं ने तंबू निर्माण कर उनकी सजावट की तथा तरह-तरह के पकवान बनकर भोजन व्यवस्था की शिक्षा ली। तीसरे दिन विद्यालय के प्रबंधक शांतनु मित्तल, अध्यक्ष राजेश मित्तल ,जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ,गायत्री देवी, राज सिंह ,अजय अरोड़ा, पुष्पा देवी ने तंबू निर्माण व भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बाद में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।

### एक परिवार एक पहचान को बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को विकास भगवन में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सवेरे 11 बजे फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जनपद में फैमिली आईडी बनाने के सम्बन्ध में कम प्रगति वाले विभागों को प्रगति बढाने के लिए निर्देश दिए गए ताकि जनपद की माह सितम्बर 2025 की रैंक को बढाया जा सकें। परियोजना निदेशक प्रेमचन्द, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण यशपाल सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# आनंद की शाश्वत खोज पर मुनि ने दिए प्रवचन

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज का शनिवार को प्रवचन हुआ। प्रवचन का विषय आनंद की शाश्वत खोज रहा। उन्होंने जन्म-मरण की प्रक्रिया, कर्म के गहरे प्रभाव, विशेषकर आसक्ति और अनादर, तथा जीवन में संतुलन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुनिराज ने कहा कि मनुष्य अनादि काल से आनंद की तलाश में है, लेकिन इंद्रिय सुख क्षणभंगुर है और अंततः दुख की ओर ले जाता है। सभी जीव जन्म-मरण के चक्र में कष्ट भोगते हैं। ज्ञानी जीवों के लिए मृत्यु सहज होती है, जबकि आसक्त जीवों के लिए अत्यंत पीड़ादायक। उन्होंने कर्म और गति के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि जैसी मति, वैसी गति और जैसी गति, वैसी मति। राजा श्रेणिक का उदाहरण देते हुए समझाया कि बंधे हुए कर्म अंत समय में विचारों को भी प्रभावित करते हैं। बाहरी परिस्थितियां दुख का कारण नहीं होतीं, बल्कि अपने ही कर्म फल देते हैं। सीता माता के वनवास प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि धर्म क्षेत्र में किया गया पाप अत्यंत गंभीर होता है। शास्त्र, साधु या धर्म का अनादर अन्य पापों से भी अधिक घातक है। मुनिराज ने विवाह को पवित्र और आध्यात्मिक विधि बताते हुए कहा कि पति-पत्नी का उद्देश्य एक-दूसरे को धर्म मार्ग पर आगे बढ़ाना होना चाहिए।

# दिव्यांगों को मिली मोटर-ट्राइसाकिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन प्रांगण में शनिवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सहायक उपकरण एवं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, डीएम अरविन्द कुमार चौहान और मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों को 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 52 ट्राईसाइकिल, 20 व्हीलचेयर, 19 लेप्रोसी किट, 20 हियरिंग एड और 20 एमआर किट पात्र वित. रित किए गए। जनप्रति. निधियों ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। इस मौके पर परियोजना निदेशक प्रेमचंद, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर कुमार मौजूद रहे।

# शिक्षक-अभिभावक समागम संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को भव्य शिक्षक-अभिभावक समागम आयोजित हुआ। नवरात्रि पर्व के अवसर पर अभिभावकों के लिए विशेष डांडिया नृत्य कार्यक्रम भी रखा गया। रंग-बिरंगी वेशभूषा में अभिभावकों ने उल्लासपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

शनिवार को विद्यालय के आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग की ओर से छात्रों द्वारा बनाई गई दशहरा और नवरात्रि थीम आधारित कलाकृतियों और मूर्तियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मिट्टी की बनी इन कृतियों ने सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा और सृजनशीलता की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने कहा कि इस तरह के आयोजन अभिभावकों और विद्यालय के बीच संवाद को प्रगाढ़ करते हैं तथा बच्चों को अपनी प्रतिभा समाज के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। उन्होंने अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

समागम के दौरान पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा और आयोजन ने नवरात्रि पर्व की आध्यात्मिकता एवं सांस्कृतिक महत्ता को और प्रखर बना दिया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया।

# झिंझाना के राजीव ने हरियाणा में पुलिस चैंपियनशिप में मारी बाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव यूसुफपुर चौतरा निवासी एवं पीएसी मेरठ छठी वाहिनी में तैनात जवान राजीव कुमार ने आल इंडिया पुलिस चौंपियनशिप 2025 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा के मधुबन करनाल में 20 से 24 सितंबर तक आयोजित 74वीं आल इंडिया पुलिस चौंपियनशिप आर्म रेसलिंग गेम्स में राजीव ने 55 किलो भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी वाहिनी के साथ ही झिंझाना क्षेत्र और गांव का नाम रोशन किया। गांव के प्रधान मासूम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चौंपियनशिप में देश के सभी राज्यों की पुलिस और अर्धसैनिक बलों के खिलाड़ी शामिल हुए थे। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों ने सबसे अधिक पदक जीतकर कुल चौंपियनशिप अपने नाम की। राजीव की इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि राजीव ने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल कर युवाओं के लिए प्रेरणा का काम किया है।

# डीएम-एसपी ने किया जन शिकायतों का अनुश्रवण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने थाना गढ़ी पुख्ता में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस का रजिस्टर चौक करते हुए थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके ससमय निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौका मुआयना कर ससमय गुणवत्तापूर्णढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा भूमि संबंधी मामलों के राजस्व व पुलिस विभाग की टीम को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या का निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो।इस अवसर पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कविता का परिवार से मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तीन महीने पहले लावारिस और असहाय हालत में मिली महिला कविता का आखिरकार अपने परिवार से भावुक मिलन हुआ है। गत 2 अगस्त 2025 को पुलिस थाना बेहट से कविता को जितेंद्र सिंह और मीनाक्षी ने अपना घर आश्रम शामली में भर्ती कराया था। उस समय वे मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और अपने बारे में ज्यादा जानकारी देने में असमर्थ थीं। आश्रम में डॉ। अरुण रॉय के उपचार और बेहतर वातावरण के चलते उनकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ। काउंसलिंग के दौरान उन्होंने अपना और अपने पति का नाम सचिन बताया। उनका एक छह वर्षीय पुत्र है। अपना पता गांव अफजलगढ़, जिला बिजनौर बताया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली ( जनपद-शामली )

पत्रांक: 565 — दिनांक: 26.9.2025

**ई-टैण्डर अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद शामली यूजर चार्ज के आधार पर डोर टू डोर कूडा कलैक्शन का कार्य तथा एम.आर.एफ. सेंटर का समस्त संचालन का कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 06.10.2025 समय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदांए रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अभिलेख दिनांक 27.9.2025 से दिनांक 6.10.2025 तक सांय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सभी निविदादाता दिनांक 6.10.2025 की सांय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। जो दिनांक 7.10.2025 को समय: 11:00 बजे से खोले जाएंगे। निर्धारित निविदा शुल्क पालिका के निम्न खाता में जमा किया जा सकता है। जिसकी प्रप्ति निविदा के साथ अपलोड की जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| **बैंक का नाम** | **आई.सी.आई.सी.आई. बैंक शाखा शामली** |
| **खाता संख्या** | **066801001515** |
| **आई.एफ.एस.सी. कोड** | **ICIC0000668** |

| Tender Referance | /E-T/SFI/ 2025-26 |
|---|---|
| Publish and Time for RFP | 27-9-2025 UPTO 4:00 PM |
| Last Date and time for Submission of tender | 6-10-2025 AT 5:00 PM |
| Open E-Tender Date | 7-10-2025 AT 11:00 PM |
| Place of Opening of E-Tender | Nagar Palika Parishad Shamli Office |
| E-Tender Secutity | Net Amount of RTGS |
| E-Tender Document Processing | 500+GST@18%=590 (RTGS) for eatch work |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद शामली

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं MUHAMMAD MUBBSHIR s/o TAHIR HASAN निवासी हाउस न. 280 आलखुर्द कैराना जनपद शामली उप्र 247774 ने अपना नाम MUHAMMAD MUBBSHIR से बदलकर MUHAMMAD MUBASHIR कर लिया है अब से मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए MUHAMMAD MUBASHIR के नाम से जाना जाएगा।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र साहिब मेरे कहने-सुनने में नहीं है। आए दिन घर से नकदी व मोबाइल आदि ले जाता है। इस कारण मैं अपने पुत्र साहिब से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किए गए लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अब मेरे परिवार से साहिब का कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**यूनुस पुत्र जुम्मा**
**निवासी-मुनव्वर हसन कालोनी ( आर्यापुरी ) तहसील कैराना जिला शामली**

# गन्ने का रेट न बढ़ाया तो होगा आंदोलनः गौरव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट पहुंचे भारतीय किसान यूनियन की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि गन्ने का रेट नहीं बढ़ाया गया तो जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

दरअसल, संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर ग्राम स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पंचायतों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत शनिवार को क्षेत्र के एक गांव में आयोजित महापंचायत में शामिल होने जा रहे भारतीय किसान यूनियन की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत का बेहट पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाएं डाल जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए भाकियू की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने कहा कि अब से 11 साल पहले नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारी सरकार आयेगी तो गन्ने का रेट 450 रुपए कुंतल किया जाएगा लेकिन लागत बढ़ गई है और रेट अभी तक बढ़ा नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गन्ने का रेट नहीं बढ़ाया गया तो जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पंजाब सरकार द्वारा जिसका खेत उसकी रेत को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यूपी में भी ऐसा ही होना चाहिए ये किसानों की मांग ही नहीं बल्कि उनका हक है। बाढ़ से किसानों के खेत खलिहान और ट्यूबवेल आदि तबाह हो गए है। जीएसटी कम किए जाने पर किए जा रहे प्रचार को लेकर उन्होंने कहा कि या तो जब जीएसटी लगाई गई थी तब गलत किया या अब हटाई है अब गलत किया। दोनों में से एक गलती तो हुई है, लेकिन बावजूद इसके सरकार महोत्सव का नाम देकर वाहवाही लूट रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के कृषि उपकरणों को जीएसटी के दायरे से बाहर रखना चाहिए। जीएसटी से व्यापारी वर्ग भी बर्बाद हो रहा है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष नरेश स्वामी, युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी, आरिफ मलिक, छुटमलपुर नगराध्यक्ष प्रदीप चौधरी, उपाध्यक्ष रशीद अंसारी, मोनू मलिक, सचिन चौधरी, सतपाल चौधरी, जुनेद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## मेला गुघाल की अवधि चार दिन बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऐतिहासिक मेला गुघाल की अवधि को चार दिन के लिये बढा दिया गया है। जिससे मेला एक अक्टूबर तक संचालित होगा।

मेला गुघाल की समाप्ति 27 सितम्बर में होनी थी पर 4 दिन बारिश होने के कारण दुकानदारों को नुकसान पहुंच रहा था। मेला ठेकेदार और जय शिवशक्ति एंटरप्राइज स्वामी एसके शर्मा ने मेले की अवधि बढ़ाने की मांग प्रभारी मंत्री सुनील शर्मा से की थी। प्रभारी मंत्री ने मेले में लगाई गई दुकानदारों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मेले की अवधि बढ़ाते हुए 1 अक्टूबर तक की अतिरिक्त परमिशन दी है। मेले गुघाल का ठेका 23 दिन के लिए हुआ था नगर निगम द्वारा मेले का उद्घाटन 5 सितम्बर को किया गया था लेकिन मेले में दुकान और झूले संचालित 9 अक्टूबर से किए गए थे, और चार दिन तक लगातार हुई बारिश के चलते मेल पूरी तरीके से प्रभावित हुआ था।

# छात्राओं को सुरक्षा का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर थाना मिर्जापुर व मिंशन शक्ति टीम प्रभारी द्वारा मिर्जापुर थाने मे मिशन शक्ति केन्द्र पर स्कुल की छात्राओं को थाना परिसर में बुलाकर महिलाओ व बालिकाओं मे सुरक्षा, सशक्तिकरण, एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बतादे की मिर्जापुर थाना प्रभारी सुनील नागर ने मिशन शक्ति फेज अभियान के अंतर्गत शनिवार को थाना मिर्जापुर परिसर मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया स जिसमे स्कूली छात्राओं को जागरूक किया गया स और स्वाव्लबन के लिए चलाई जा रही योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी स पुलिस कार्य प्रणाली की जानकारी प्रदान की गयी जिसमें मिशन शक्ति कार्यक्रम, सीसीटीएनएस, डाक कार्यालय, मालखाना एंव रो0आम आदि का भ्रमण कराकर जानकारी प्रदान की गयी। दो पहिया वाहन चालको को नो हेलमेट नो फ्यूल तथा सडक पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा सम्बन्धी नियमों से अवगत कराया गया। सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान "मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम/ कस्बा/ मौहल्ला/ शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/ चौपाल लगाकर छात्राओं /बालिक. ाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर लगातार जागरूक किया जा रहा है।

## समाज सेवा मेरा मकसदः समद चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** गांव भोजपुर गुर्जर से युवा समाजस. ेवी समद चौधरी ने आगामी ग्राम प्रधान चुनाव लड़ने की घोषणा की है। समाजसेवी कार्यों में सक्रिय रहने वाले समद चौधरी लंबे समय से क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं।

दरअसल, समद चौधरी वह युवा चेहरा है जो शिक्षा, बेरोजगारी और विकास कार्यों के मुद्दों पर लगातार आवाज उठाते रहते है। उनकी छवि एक ईमानदार और जुझारू युवा नेता की रही है। ग्राम प्रधान पद के लिए उनकी दावेदारी से चुनावी समीकरणों में नया मोड़ आने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समद चौधरी ग्राम प्रधान बने, तो विकास कार्यों में तेजी आएगी, खासकर सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं युवाओं के लिए खेलकूद और रोजगार के अवसरों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि समद चौधरी ने बिना किसी पद के ही समाजसेवा को अपना ध्येय बनाया, अब यदि उन्हें ग्राम प्रधान का मौका मिलता है तो वह निश्चित ही गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ग्राम पंचायत भोजपुर गुर्जर का यह चुनाव इस बार और भी दिलचस्प हो गया है, क्योंकि समद चौधरी के मैदान में उतरने से चुनावी समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं।

# अभियान में संतुलित आहार पर दिया जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकास खण्ड बलियाखेड़ी के सभागार में मिशन शक्ति अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया गया।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विकास खण्ड बलियाखेड़ी डॉ. अनुराग त्यागी व डा.अफजाल ने संचारी रोग नियंत्रण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमति रीता सैनी ने महिलाओं और बच्चों के लिए संतुलित आहार एवं पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला।

सहायक विकास अधिकारी योगेंद्र पुंडीर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, पंचायत राज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक मिशन मैनेजर श्रीमति अनिता, ब्लॉक मिशन मैनेजर श्रीमति जुबी खान तथा विकास खण्ड बलियाखेड़ी की समस्त आईसीआरपी एफ एनएचडब्ल्यू व स्वास्थ्य सखियों ने प्रतिभाग किया।

## जैन कालेज से 32 छात्राओं को मिला जॉब प्लेसमेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज में करियर काउंसलिंग सेल विभाग द्वारा आयोजित जॉब प्लेसमेंट में 32 छात्राओं का चयन किया गया।

महाविद्यालय की उप प्राचार्य ममता सिंघल ने छात्र-छात्राओं को भी कंपनी के बारे में और इंटरव्यू की तैयारी कैसे होती है के लिए बड़े विस्तार से समझाया। इसके लिए 5 दिन की एम्प्लॉयबिलिटी स्किल की ऑनलाइन कार्यशाली भी कराई गई थी। छात्र छात्राओं को कंपनी के बारे में भी और काम के बारे में भी बताया गया है। जिससे इंटरव्यू लेने के बाद 32 छात्राओं का चयन भी हुआ है। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर लोकेश कुमार डॉक्टर सुषमा कीर्ति अरोड़ा एकांश कौशिक विनोद कुमार उपस्थित रहे

# चोरी का माल समेत तीन चोर किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** करीब डेढ माह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर मे हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए स्थानीय पुलिस ने चोरी के माल सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि गत 10 अगस्त को गांव के नौशाद पुत्र शमशाद ने घर से जेव. रात चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मामले का खुलासा करने के लिए तभी से जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भरतपुर हाइवे के निकट से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से पुलिस ने सफेद धातु के दो हथफूल व पीली धातु की एक नथली व एक टीका बरामद किया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों ने अपने नाम मुर्तजा पुत्र महबूब, मतलूब पुत्र अल्लाबंदा निवासी गांव भरतपुर थाना नागल व अनस पुत्र नईम निवासी यमुनानगर सिटी हरियाणा बताया।

पुलिस की पूछताछ मे उन्होने स्वीकार किया कि बरसात की वजह से हमारे पास कोई काम नही था इसलिए उन्होने गुजर बसर के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना का खुलासा करने वाली टीम मे स्वयं थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, कांस्टेबल कृष्णपाल, नितिन तोमर, विक्रांत आदि शामिल रहे।

# नगर निगम ने निकाली रैली, कस्बों, देहातों में छात्राओं को किया जागरूक









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति 5.2 के अंर्तगत नगर निगम परिसर से छात्राओं ने रैली निकाली।

रैली का शुभारंभ नगरायुक्त शिपू गिरि, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी व पार्षद ज्योति अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं का स्वस्थ, सशक्त और सबल होना बहुत जरुरी है। इसके लिए समाज और सरकार के अलावा महिलाओं को भी अपने आप को स्वावलंबी बनाने के प्रयास करने होंगे। इस दौरान सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, शिक्षिका पूनम व सीमा शर्मा सहित निगम के अनेक अधिकारी शामिल रहे।

**गागलहेड़ी।** शनिवार को गागलहेड़ी थाना प्रांगण में मिशन शक्ति 5.0 अभियान तहत कार्यक्रम किया गया।इसमें प्राथमिक विद्यालय मक्काबांस एवं माजरी स्कूल की बालिकाओं ने भाग लिया और थाने का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में पहुँची सी ओ सदर प्रिया यादव ने बालिकाओ को संबोधित कर उनके अधिकार शिक्षा स्वास्थ्य व सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। वही शिक्षिका इंदु यादव ने भी बालिकाओ को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षिका आंचल यादव, निशात जहाँ, प्र.अ. अरविन्द कुमार, अमित कुमार एवं संदीप शर्मा उपस्थित रहें, एवं बालिका सादिया, शिफा, आफिया, अंजुम, सलोनी, नाज, गुलफसा सदफ अक्सा, अल्फिसा आदि रहीं।

**चिलकाना।** शनिवार को टीम इंचार्ज एसआई सुमन व पीआरडी प्रियंका द्वारा नगर के बस स्टैंड, भारतीय स्टेट बैंक व पंजाब नैशनल बैंक के सामने, निजामी ट्रेडर्स के सामने एवं टी स्टॉल कस्बा सुल्तानपुर के सामने, नगर पंचायत भवन के सामने, कस्बा सुल्तानपुर के चौराहे, सैनी प्रिंटिंग प्रेस सुल्तानपुर के सामने, प्राथमिक विद्यालय कस्बा सुल्तानपुर के सामने से गुजरने वाली



महिलाओ को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जागरूक किया।

**नानौता।** शनिवार सुबह हुकुम सिंह गर्ल्स डिग्री कालेज में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी ने कहा कि मिशन शक्ति फेज 5.0 से महिलाओं को नई पहचान मिली है। महिला एसआई राधा चौहान ने छात्राओं को संबोधित किया। अध्यक्षता एसएसआई जितेन्द्र तेवतिया ने की। कालेज के चौयरमेन राज प्रताप सिंह ने कहा कि कालेज प्रशासन छात्राओ कि शिक्षा के साथ सुरक्षा के प्रति गंभीर है। इस अवसर पर महिला उप निरीक्षक राधा चौहान, महिला कांस्टेबल विनीता, प्रवक्ता खुशी पुंडीर, संगीता पुंडीर, मोनी पुंडीर, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**नागल।** मिशन शक्ति के तहत शनिवार को स्थानीय जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा सायमा को एक दिन की प्रधानाचार्य बनाई गई।

प्रार्थना स्थल पर प्रधानाचार्य कल्पनाथ चौरसिया ने सायमा को आज की प्रधानाचार्य बनाने की घोषणा करने पर छात्र छात्राओ ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इस दौरान एक दिन की प्रधानाचार्य ने कालेज का भ्रमण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और शिक्षकों व छात्र छात्राओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कस्बे के बेहद साधारण परिवार की बेटी सायमा कालेज की मेधावी छात्रा है । उसके पिता मुहम्मद इस्लाम सलमानी सैलून चलाते है। एक दिन की प्रधानाचार्य बनने से उत्साहित सायमा ने बताया कि वह बडी होकर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती है। सायमा के एक दिन की प्रधानाचार्य बनने पर कालेज के प्रधानाचार्य कल्पनाथ चौरसिया सहित सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओ ने उसे बधाई दी है।

**बिहारीगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नारी शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत शुक्रवार को बिहारीगढ़ थाना प्रभारी अक्षय शर्मा एवं उपनिरीक्षक अक्षिता सिंह ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय तोता टांडा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय तोता टांडा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण एवं आत्मरक्षा से संबंधित जानकारी दी।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुजफ्फराबाद वीरेन्द्र शर्मा, उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेन्द्र सैनी, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी रानी, कमलेश देवी, निशा रानी, फहीमा, आयुषी, मालती रानी, सविता रानी, सुशील कुमार अन्य विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय सरदाहेडी, जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर भादो, कस्तूरबा गांधी विद्यालय भैंसराऊ, प्राथमिक विद्यालय हलवाना, प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर, और यूपीएस विद्यालय अलीपुर सिंभालकी की बालिकाओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया






गया। बालिकाओं को थाना के कार्यों जैसे एफआईआर, हवालात, और सीसीटीएनएस कार्यालय के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

# जिलेभर की रामलीलाओं में उमड़ रही दर्शकों की भीड़





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलेभर की रामल. ीलाओं में दर्शकों की भारी भीड उमडने लगी है। दर्शकों को कलाकारों के संवाद काफी आकर्षित कर रहे है।

श्री राम लीला कमेटी के तत्वाधान में श्री राम लीला ग्राउंड बेहट रोड पर बहुत ही सुंदर लीला का मंचन हुआ। आज के मुख्य अतिथि ब्रजेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, दीपक बंसल, प्रमोद मिगलानी, संजय गुप्ता, अनिरुद्ध कर्णवाल, शशि वालिया, ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर लीला का शुभारंभ किया। लीला मंचन मे कमेटी के प्रधान विनय जिंदल, वरिष्ठ उप प्रधान आलोक अग्रवाल, मंत्री संजय सिंघल, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा, उत्सव संचालक वैभव बंसल, आयुष सिंघल, राजा जैन,कुलदीप गुप्ता, देवेंद राणा आदि कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

**गागलहेड़ी।** श्रीरामलीला समिति के तत्वाधान में सीता हरण, श्रीराम विलाप लीला का मंचन किया गया। राजेश कपिल के निर्देशन व सूरज धीमन के सह निर्देशन में रावण हेमन्त शर्मा व राम की भूमिका में केशव ने मन्जा व भावपूर्ण अभिनय किया।

सब्जी मंडी के निकट स्थित मंच पर शनिवार रात्रि सीता हरण लीला मन्चन में रावण हेमन्त, सीता पंकज, लक्ष्मण विदित के कुशल अभिनय व डायलॉग डिलीवरी को दर्शको ने तालिया बजाकर सराहा। सीताहरण के बाद राम विलाप में केशव ने दर्शकों को भाव विभोर किया। संगीत गोविंद, अंकुर, लाइट, साउंड काका, सुधीर स्टेज रखरखाव का कार्य बालेश ने किया।

अध्यक्ष महेंद्र धीमान, संजय यादव, अश्वनी मित्तल, मुकेश गोयल, मुकुल पाल एडवोकेट, देवा यादव, सौरभ जैन, राजेश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के पीठ मैदान में आयोजित वार्षिक श्री राम लीला महोत्सव में श्री हनुमान द्वारा रावण की लंका दहन किये जाने की लीला का सुंदर मंचन किया गया।

शुक्रवार रात्रि की लीला मे हनुमान बने मनदीप सैनी ने अशोक वाटिका में जमकर उत्पात मचाया। रावण पुत्र अक्षय के किरदार में वंश सैनी ने हनुमानजी से युद्ध कर अशोक वाटिका में अपने प्राण त्याग दिए। वहीं इंद्रजीत मेघनाथ की भूमिका में रवि कुमार द्वारा अशोक वाटिका में पहुँचकर हनुमानजी पर ब्रह्मास्त्र से आक्रमण कर उन्हें बन्दी बना कर लंका में ले जाया गया। जहां विभीषण बने रवि ने सभा मे हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने की सलाह दी।

जिसके बाद हनुमानजी द्वारा समस्त लंका में आग लगा दी गयी। लीला में रोहित ने श्री राम, रोहित सैनी ने लक्ष्मण, राय सिंह ने सीता व आदित्य सैनी ने अंगद की भूमिका निभाई। गणेश आरती चौधरी देव. ीलाल, चौधरी तेजलाल व अंकित काम्बोज ने की। माँ जगदम्बा की आरती वैदिक, रुद्र, शुभम ओम कश्यप, वंश सैनी व राम चन्द्र जी की आरती आर्यन सिंह, भूरा पान भण्डार, राकेश चौहान ने की। मंच संचालन आकाश काशी ने किया। आयोजन समिति में संजय, सन्दीप सैनी, सीताराम सैनी, सुशील सैनी, प्रकाश चंद, कन्हैया सैनी, शुभम, सूरज, आकाश, सुनेश, अमित धीमान आदि रहे।

**अंबेहटा।** नगर के पावन स्थल श्रीराऊवाल प्राचीन सिद्धपीठ महादेव मंदिर में श्री श्याम सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन हुआ। राकेश कश्यप सहित अन्य भक्तों ने फीता काटकर रामलीला के मंचन का शुभारंभ किया। समिति ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए।

श्री महादेव संकीर्तन मंडल के कलाकारों ने मंचन में हनुमान जी की भव्य झांकी, माता शबरी के आश्रम का हृदयस्पर्शी दृश्य, सुग्रीव की मित्रता तथा बाली वध की लीला का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को पूर्णतः मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर हारमोनियम की मधुर धुन से चौपाइयों का जादू बिखेर रही विमला देवी के साथ ढोलक की थाप पर खान ने श्री राम का गुणगान किया।

राम का किरदार निभा रहे मनीष मित्तल ने भगवान राम की मर्यादा पुरुषोत्तम वाली छवि को सशक्त रूप से उकेरा, जबकि लक्ष्मण के रूप में आयुष चौधरी ने भाईचारे का प्रतीक चित्रित किया। सुग्रीव का अभिनय रामा कश्यप ने किया, बाली का किरदार अमित कश्यप ने निभाया, माता शबरी बनी रविंद्र कश्यप रहीं, तथा हनुमान जी के पौरुष को रवि शंकर द्विवेदी ने बखूबी प्रदर्शित किया। समाजसेवी अमित गुप्ता की ओर से हनुमान झांकी पर प्रसाद का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर समिति के प्रधान सन्नी मित्तल, उपप्रधान राहुल जैन, कोषाध्यक्ष मुकेश कश्यप, महामंत्री राजू चौधरी, महावीर कश्यप, अजय सैनी, डायरेक्टर नरेश गोयल, विनोद मित्तल, गोपाल कश्यप, हिमांशु कश्यप, विजेंद्र कश्यप, सोनू कश्यप, मनोज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर**

पत्रांक 1929/ जि०पं०/2025-26 दिनांक- 27.09.2025

**ग्रामीण क्षेत्र से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सरकारी गजट उ०प्र० सरकार द्वारा 06 मई 2023 में प्रकाशित उपविधि सं0-4085/एल०बी०सी०/2022-23-उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 (यथा संशोधित) की धारा 239 (1) एवं धारा 239 (2) के साथ पठित अधिनियम की धारा-143 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिला पंचायत, सहारनपुर के ग्राम्य क्षेत्र, जो कि उक्त अधिनियम की धारा-2 (10) में परिभाषित है, मे से इस क्षेत्र में स्थापित किसी विकास प्राधिकरण एवं उ०प्र० औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 की धारा-2 (डी) में घोषित औद्योगिक विकास क्षेत्र को हटाते हुए शेष ग्राम्य क्षेत्र के अन्तर्गत बनने वाले सभी प्रकार के भवनों के नक्शो एवं निर्माण को नियंत्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से उपविधियां बनायी गयी हैं, जो वर्तमान मे प्रचलित है।

जनपद सहारनपुर के ग्रामीण क्षेत्र मे जो भवन, प्लॉटिंग, पेट्रोल पम्प, चिकित्सालय, मैडिकल कॉलेज, शिक्षण संस्थान, व्यवसायिक / औद्योगिक भवन, बैंकट हॉल इत्यादि बिना मानचित्र स्वीकृत किए बनाये जा रहे है, वो जिला पंचायत, सहारनपुर की उपविधि के अनुसार अवैध निर्माण माने जायेंगे तथा जिला पंचायत, सहारनपुर द्वारा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना निर्माण को अवैध घोषित करते हुए विधिक अथवा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगीं।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत सहारनपुर**

# शिक्षा ही महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति है: डीआईजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में डीआईजी अभिषेक सिंह ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए महिलाओं व छात्राओं से आह्वान किया कि कोई भी समस्या आने पर वह सीधा पुलिस से संपर्क करें। पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए संकल्पित है।

मिशन शक्ति के अंतर्गत खंड विकास कार्यालय सभागर में हुए कार्यक्रम में डीआईजी अभिषेक सिंह ने कहा कि शिक्षा ही महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति है। महिलाओं को अपने करियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से प्रयास करना चाहिए। सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं छोटा और बड़ा व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी, कुलदीप त्यागी समेत ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उधर, राजकीय डिग्री कालेज में डीआईजी अभिषेक सिंह ने नारी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही 1090, 112 और 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि छात्राएं व महिलाएं किसी के बहकावे में आकर गलत कदम न उठाएं। सब इंस्पेक्टर सुधा त्यागी ने कहा कि कोई भी समस्या आने पर छात्राएं स्कूल काले. जों व थाने में रखी शिकायती पेटिका में अपनी शिकायत दर्ज कराएं। मिशन शक्ति प्रभारी डा. टीना, डा. शाहनजर, प्राचार्य डा. अतुल शर्मा, डा. गौरव बालियान, डा. आरिफ आदि शामिल रहे।





# डीआईजी अभिषेक सिंह ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैगमार्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डीआईजी अभिषेक सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैगमार्च किया, असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया यदि माहौल खराब करने का प्रयास किया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली से शुरु हुआ फ्लैगमार्च मेन बाजार, हनुमान चौक, सरसटा बाजार, दारुल उलूम और खानकाह से होते हुए दारुल उलूम पुलिस चौकी पर पहुंचा। डीआईजी अभिषेक सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए। यदि कोई भी व्यक्ति या समूह शांतिभंग करने का प्रयास करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। बताया कि फ्लैगमार्च का उद्देश्य न सिर्फ असामाजिक तत्वों को चेतावनी देना था बल्कि नागरिकों में सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करना था। अभिषेक सिंह ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वह अपराधियों से सख्ती से निपटें, किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक को बर्दाश्त न करें। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा आदि पुलिस अधिकारी शामिल रहे।



# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गांगनौली शुगर मिल की टीम विजेता घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल ।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल गांगनौली द्वारा आयोजित पश्चिमी जोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गांगनौली शुगर टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गांगनौली यूनिट हेड रामवीर सिंह खोखर व ज्ञानेन्द्र वीर सिंह यूनिट हेड थानाभवन ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह शुगर मिल प्रबंधन द्वारा द्वारा यह अनोखी पहल है। जिससे शुगर मिल से संबंधित कर्मचारियों के बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार सके और वह राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय मंच पर अपना हुनर दिखाने का काम कर सके। प्रतियोगिता में बजाज शुगर मिल गांगनौली की टीम ने किनौनी टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और ट्राफी कब्जाई। इस प्रतियोगिता में पश्चिम जोन की बिलाई, थानाभवन एवं बुढ़ाना शुगर मिल की टीमो ने भाग लिया। मुख्य रूप से ,वेद प्रकाश गौड, आसवानी, पंकज पंवार वेस्टर्न जोन हेड एच आर ,महेश्वर शर्मा, अजय पाल, अनुज वेदयान, सिताब सिंह, हंस कुमार, संदीप शर्मा, नवीन कुमार, महकार सिंह आदि मौजूद रहे।



# स्वच्छ भारत मिशन के तहत चला महा सफाई अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत महासफाई अभियान के दौरान सड़क, नाले और नालियों की साफ-सफाई की गई, साथ ही लोगों से कूड़ा इधर-उधर न फेंकने और साफ सफाई का विशेष ख्याल रखने का आह्वान किया गया। इससे नगर की रंगत बदली हुई नजर आई।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर 156 घंटे का महासफाई अभियान के तहत दिन और रात नगर के सभी प्रमुख रास्तों, नालों और नालियों की सफाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल शहर की स्वच्छता को बढ़ावा देना था, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना भी था। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वह कूड़ा-कचरा इधर-उधर न फेंकें और सफाई का विशेष ध्यान रखें। सफाई खाद्य निरीक्षक पोपिन कुमार और सभासद प्रतिनिधि शराफत मलिक ने कहा कि इस महासफाई अभियान का लक्ष्य केवल सफाई करना नहीं है, बल्कि यह लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच बदलने का भी प्रयास है। इस मौके पर सफाई नायक रईस अब्बासी, मोबीन, शैंकी आदि शामिल रहे। **उधर,** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सरकार के निर्देश पर नगरपालिका क्षेत्रों में चलाए जा रहे 156 घंटे के महासफाई अभियान की कड़ी में शनिवार को नगर के विभिन्न इलाकों सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड नंबर 14 नेचलगढ़ मुहल्ले में चलाए गए अभियान के तहत सडक, नाले और नालियों की सफाई के साथ ही कूड़ा उठान का कार्य किया गया। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पोपिन कुमार ने वार्डवासियों से तय स्थान पर ही कूड़ा डालने और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से प्रतिबंधित पोलीथीन का इस्तेमाल नहीं करने को भी कहा। सभासद पति शराफत मलिक के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में खासतौर पर बेरियान नाले की सफाई का वृहद कार्य किया गया। पालिका अधिकारियों ने अपील करते हुए कहा कि सफाई अभियान में नगरवासी पालिका प्रशासन का सहयोग करें। खाली पड़े प्लाट आदि में कूड़ा कतई न डालें। वार्डवासियों ने सभासद और पालिका प्रशासन का आभार जताया। इस मौके पर सफाई नायक रईस अब्बासी, मोबीन, शैंकी आदि मौजूद रहे।



# नशे के दुष्प्रभाव की दी जानकारी, नशे से दूर रहने का किया आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मेपल्स एकेडमी में नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की आधारशिला विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

मेपल्स एकेडमी प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अरुण कुमार ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी बाधित करता है। उन्होने कहा कि सही मायने में स्वस्थ, शिक्षित और जागरूक युवा ही विकसित भारत की आधारशिला है। कमल किशोर महाराज ने छात्रों को नशे के नुकसान गिनाए। कहा कि नशा धीमा जहर है, इससे बचने की जरूरत है। उन्होंने सभी को सशक्त, जिम्मेदार और राष्ट्र निर्माण में सहयोगी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। संवाद सत्र में छात्रों ने भी अपने विचार रखे। कक्षा नौ की छात्रा कांची ने कविता के माध्यम से नशे का दुष्प्रभाव बताया। इस दौरान नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया। प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की। मोंकित पुंडीर, प्रीत बहादुर, आशीष आदि शामिल रहे।





# ग्रैंडपेरेंट्स-डे के अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स-डे के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय संरक्षक हरि सिंह सैनी ने प्रसिद्ध चिकित्सक डीके जैन को प्रतीक चिह्न देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना की, इसके उपरांत दादा-दादी और नाना-नानी के महत्व को दर्शाने के लिए विद्यार्थियों ने नृत्य नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. डीके जैन ने कहा कि दादा दादी इस पृथ्वी पर कुदरत का अमूल्य उपहार है, जो अनेक कष्ट सहकर भी अपने बच्चों को खुशी प्रदान करते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी, शिव सैनी, वंदना ध्रुव, अनीता सैनी, सुनीता चौधरी, सुनीता तोमर, रेशु त्यागी, इल्मा आदि स्कूल का स्टाफ शामिल रहे।




# घर बुलाकर युवक और उसकी मां से की मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ घायल पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**देवबन्द।** घर बुलाकर आरोपी ने युवक व उसकी मां के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायल पीडित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

खेड़ामुगल निवासी मदन सिंह ने बताया कि गांव के ही सुमित ने उसके पुत्र रणजीत को फोन कर अपने घर बुलाया। रिपोर्ट के मुताबिक रणजीत अपनी मां को साथ लेकर सुमित के घर पहुंचे तो आरोपी ने देखते ही उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट प्रारंभ करदी। इस दौरान उसके पुत्र को फोन छीन कर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। जब उसके पुत्र ने विरोध किया तो आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जब उसकी मां उसे बचाने लगी तो आरोपी ने उसे भी घायल कर दिया। बताया कि शोर-शराबे की आवाज सुन आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। बताया कि पीडित ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी सुमित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शी-बॉक्स पोर्टल के उपयोग का दिया प्रशिक्षण

**शामली।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रशिक्षण में स्वैच्छिक संगठन दा कोस्मिक एनरजाइजर के सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ अंकुर अग्रवाल और पूजा पांचाल ने प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत शासकीय और निजी कार्यालयों में आंतरिक समिति गठन, शिकायतों की जांच प्रक्रिया और शी-बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से सभी पदाधिका. रियों को अवगत कराया गया। साथ ही, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनों, योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

# कोतवाली पहुंचे ऊंचागांव के ग्रामीण, खाद के गड्ढों के उचित प्रबंध की मांग

**कैराना।** ऊंचागांव के ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर आबादी के बीच स्थित खाद के गड्ढों का उचित प्रबंध कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कुछ लोगो पर झूठी शिकायत करके खाद के गड्ढे की चहारदीवारी व भराव के कार्य में बाधा डालने का भी आरोप लगाया है।

शनिवार को ऊंचागांव के दर्जनों ग्रामीण कोतवाली प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे। जहां पर उन्होंने अधिकारियों को एक प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि ऊंचागांव में आबादी के मध्य में खाद के ग्ढ्ढे मौजूद है, जिनमें कूड़ा-कर्कट व गोबर आदि डालने से गांव में संक्रामक बीमारी फैल रही है। इन ग्ढ्ढों में जलभराव के चलते छोटे बच्चे व लावारिस पशु गिरते रहते है। मामले की शिकायत तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी की गई थी, जिसपर उच्चाधिकारियों ने आवश्यक कार्यवाही हेतु ब्लॉक प्रशासन को निर्देशित किया था। बाद में ग्रामीणों की सहमति के पश्चात कैराना ब्लॉक प्रमुख के द्वारा खाद के ग्ढ्ढों की चहारदीवारी व भराव का कार्य शुरू कराया गया। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व प्रशासन को झूठी सूचना देकर ब्लॉक प्रमुख द्वारा कराए जा रहे चहारदीवारी व भराव के कार्य को रुकवाने का प्रयास कर रहे है। प्रार्थना-पत्र में ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार खाद के ग्ढ्ढों का उचित प्रबंध कराने की मांग की गई है। इस दौरान रविन्द्र प्रधान, सतीश चौहान, अमरीश पंवार, सोहनपाल, रामकुमार, प्रमोद, मोनू, बिजेंद्र, सोमपाल, ओमप्रकाश, बिजेन्द्र, मनोज आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोचा, भेजा जेल

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने श्ऑपरेशन सवेराश के तहत एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। तस्करों के कब्जे से 50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए आरा. ेपी का पुलिस ने चालान कर दिया है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस की ओर से परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रति. बंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरारूनशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह्व चलाया जा रहा है, जिसके मद्देनजर कैराना कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

# श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की विधि विधान के साथ की उपासना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में नवरात्र के छठें दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की छठी शक्ति मां कात्यायनी की विधि विधान के साथ उपासना की।

शनिवार को देवी कुंड स्थित श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना करने को जमावड़ा लगा रहा। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि मां कात्यायनी की उपासना व आराधना करने से भक्तों को धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। उनके रोग, शोक, संताप व भय नष्ट होते हैं। उन्होंने बताया कि कात्य गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाई। इनकी कृपा से ही सभी कार्य पूर्ण हो जाते हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी है। भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की थी।

इसलिए मां कात्यायनी ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। इनकी पूजा करने से परम पद की प्राप्ति होती है।

# साली ने जीजा पर लगाया शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** बागपत जनपद के थाना छपरौली निवासी एक महिला ने कस्बा निवासी अपने जीजा पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है। पीड़िता ने थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया है।

शनिवार को बागपत जनपद के थाना छपरौली निवासी एक महिला ने बताया कि उसके ताऊ की पुत्री की शादी लगभग 15 साल पूर्व कस्बा निवासी एक युवा के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि उस समय पीड़िता अपने गांव में रहकर पढ़ाई कर रही थी। पीड़िता का आरोप है कि 9 साल पूर्व उसके जीजा ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर लिया और शादी का झांसा देते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। पीड़िता के अनुसार उसका जीजा लगातार शादी का झांसा देते हुए नो वर्षों से पीड़िता का यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता लगभग एक माह से कस्बे के दिल्ली रोड स्थित राज गार्डन में रह रही है। जब पीड़िता उक्त युवक अपने जीजा पर शादी करने का दबाव बनाती है तो उसकी मां व परिवार के लोग अड़चन पैदा करते हैं। पीड़िता ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक शामली को पत्र भेजते हुए थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# दरोगा ने दिया मानवता का परिचय, महिला की समस्या का कराया निस्तारण



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मखमूलपुर निवासी एक दिव्यांग विधवा महिला ने थाने पहुंचकर अपने पड़ोस के दो लोगों पर दिवार निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की है। उप निरीक्षक सुभाष सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए जनसुनवाई की और तुरंत मौके पर पुलिस टीम व राजस्व विभाग को भेज कर समस्या का निस्तारण कराया। शनिवार को थाना समाधान दिवस में पहुंची विधवा महिला सुशील शर्मा ने बताया कि काफी दिन पूर्व उसके पति दयानंद शर्मा की मृत्यु हो चुकी है और वह दोनों पैरों से दिव्यांग है जो चल नहीं सकती। दिव्यांग महिला का आरोप है कि उसके पड़ोस के संजीव व सचिन अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़िता को दीवार निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे हैं। निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए पीड़िता के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हैं। थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई कर रहे उपनिरीक्षक सुभाष सिंह ने दिव्यांग महिला की तहरीर पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए मौके पर पुलिस टीम व राजस्व विभाग को भेजकर महिला की समस्या का निस्तारण कराया। और आरोपियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अगर दोबारा से दिव्यांग महिला को परेशान किया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक सवार मामा भांजे पर कार सवारों द्वारा फायरिंग का आरोप



**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव ओदरी निवासी सरवर पुत्र अनवर अपने मामा वासिद उर्फ काला पुत्र इलयास निवासी ख्वाजपुरा के साथ शनिवार की शाम बाइक से खेत जा रहे थे। इसी दौरान केरटू की ओर से आ रही कार को रुकने का इशारा करने पर कार सवार निवासी ओदरी ने मामा-भांजे पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से वासिद घायल हो गया, जबकि आरोपी कार सवार मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि ओदरी निवासी सरवर पुत्र अनवर व बासा प्रधानी चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। शनिवार को गांव में बीएलओ द्वारा नई वोट बनवाने का काम चल रहा था। इसी दौरान बाहर से आए लोगों की वोट बनवाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसे ग्रामीणों ने शांत कराया था। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। मामला संदिग्ध लग रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एमसीए नवम्बर में चुनाव कराएगा

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) नवंबर में अपने चुनाव कराएगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन शुक्रवार (26 सितम्बर) को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। एमसीए ने एक बयान में कहा कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की शीर्ष परिषद ने फैसला किया कि एसोसिएशन के चुनाव नवंबर 2025 में होंगे। यह समय-सीमा अक्टूबर में दिवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। एमसीए ने चुनाव कराने के लिए जेएस सहारिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### इगा ने चाइना ओपन में अपना अपराजित अभियान जारी रखा

**बीजिंग, वार्ता।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने शनिवार को चाइना ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के दूसरे दौर में घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराकर नेशनल टेनिस सेंटर में अपना अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा। 24 वर्षीय स्वियाटेक पहले सेट में अजेय रहीं और उन्होंने तीन ब्रेक के साथ सभी छह गेम जीतकर बेसलाइन पर अपना दबदबा कायम रखा। यह बीलजग में उनके शानदार रिकॉर्ड का एक और उदाहरण है, क्योंकि उन्होंने 2023 में अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। 58वें नंबर की 25 वर्षीय युआन ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। चीनी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस ब्रेक करके 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तुरंत वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली। स्थानीय प्रबल दावेदार ने छठे और आठवें गेम में अपनी सर्विस बचाए रखी।

# विस्फोटक खिताबी मुकाबले को तैयार भारत-पाक

● **भारत टूर्नामेंट में अजेय है और पाक पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है**

**एशिया कप-2025 फाइनल मुकाबला आज**



**दुबई, वार्ता।** अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए! क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी जंग यहीं है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा-इससे बड़ा मुक. ाबला और क्या हो सकता है। भारत इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगा, टूर्नामेंट में अजेय है और पाकिस्तान पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है।

वे एक मिशन पर लगी टीम की तरह दिख रहे हैं। शीर्ष क्रम में, अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है-309 रन, 200 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट और लगातार तीन अर्द्धशतक। शुभमन गिल का धैर्य, सूर्यकुमार यादव की आतिशी बल्लेबाजी, और तिलक वर्मा व संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज-यह बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। और अगर आपको लगता है कि बात यहीं खत्म हो जाती है, तो शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल का निचला क्रम डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर सकता है।

गेंदबाजी? कमाल की। जसप्रीत बुमराह नई गेंद से आग उगल रहे हैं, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल बल्लेबाजों को बांधे हुए हैं, और वरुण चक्रवर्ती अपनी रहस्यमयी स्पिन से घातक साबित हुए हैं। भारत के पास विविधता, संतुलन और गहराई है - एक फाइनल में आपको जो कुछ भी चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान यहां संयोग से नहीं है। वे लड़खड़ा भी चुके हैं - बांग्लादेश से पूछिए, जिसने 71 रन पर उनका स्कोर 6 विकेट कर दिया था, उसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की। लेकिन फाइनल उनके अंदर की लड़ाई को उजागर करता है। फखर जमान एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अगर लय में आ जाएं तो बेकाबू हो सकते हैं। साहिबजादा फरहान एंकर हैं। कप्तान सलमान आगा, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली ताकत उनकी गेंदबाजी में है। **नई गेंद से शाहीन** अफरीदी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं, हारिस रऊफ किसी भी लाइन-अप को तहस-नहस कर सकते हैं, और युवा सैम अयूब ने अपने आठ विकेट लेकर कमाल कर दिया है। नवाज और अबरार अहमद के समर्थन से, यह एक ऐसा आक्रमण है जो भारत को नुकसान पहुंचा सकता है अगर वे अपनी लय हासिल कर लें। **यहां एक दिलचस्प मोड़ है:** भारत अभी ऊंचाइयों पर है, लेकिन फाइनल में इतिहास पाक के पक्ष में झुकता दिख रहा है। इन दोनों के बीच हुए 12 फाइनल मुकाबलों में से पाकिस्तान ने आठ जीते हैं। यही वह आंकघ है जो इस प्रतिद्वंद्विता को जीवंत और जीवंत बनाए रखता है। दुबई की पिच? शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद करें, बीच में स्पिनर खेल में आएंगे, और फिर ओस लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान कर देगी। 180-190 के आसपास का स्कोर जादुई संख्या होगी। मौसम साफ, नम है, और दूधिया रोशनी में धमाकेदार मैच के लिए एकदम सही है।

**भारत की संभावित एकादश**

**अभिषेक शर्मा**, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम. राह, वरुण चक्रवर्ती

**पाक की संभावित एकादश**

**सैम अयूब**, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेट कीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार

संभावनाएं भारत की ओर इशारा करती हैं। फॉर्म भारत की ओर इशारा करता है। लेकिन भारत-पाक फाइनल में, आप इन सब बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक बड़ा ओवर, एक तेज स्पेल, और पल भर में कहानी पलट सकती है।

# अभिषेक ने तोड़ा कोहली-रिजवान का रिकॉर्ड



● **एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन, भारतीय टीम बनी सुपर ओवर की चैंपियन**

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिल. सिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बाल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है। सुपर ओवर में भारत की लगातार छठी जीत भारतीय टीम ने अब तक का अपना सातवां टाई मैच खेला। इन सभी मैचों के टाईब्रेकर में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। एक मैच में बालआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ था। बाकी के 6 मैचों में सुपर ओवर के जरिए। भारत ने अपना पहला टाई मैच 14 सितम्बर 2007 को डरबन में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब बाल आउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। भारत ने बाल आउट में जीत हासिल की। इसके बाद भारत ने 6 और मैच टाई खेले और हर बार सुपर ओवर में जीत हासिल की है। भारतीय टीम दुनिया की इकलौती टीम है जो 7 टाई मैच खेली है और एक का भी टाईब्रेकर नहीं हारी है। अभिषेक एक टी-20 एशिया कप के हाईएस्ट स्कोरर टी-20 एशिया कप के एक ही संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 6 पारियों में कुल 309 रन बनाए। उनसे पहले 2022 में मोहम्मद रिजवान ने 6 पारियों में 281 रन बनाए थे। इसी साल विराट को. हली ने भी शानदार बल्लेबाज करते हुए 5 पारियों में 276 रन बनाए थे। वहीं अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने 2022 में 5 पारियों में 196 रन बनाए थे। अभिषेक ने छठी बार 25 या उससे कम बाल पर फिफ्टी लगाई अभिषेक शर्मा ने टी-20 में भारत के लिए छठी दफा 25 या उससे कम बाल में फिफ्टी लगाई। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाए। भारत के लिए यह रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 7 बार यह कारनामा किया है। अभिषेक ने रोहित-रिजवान की बराबरी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 30 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तीन खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। 2021 में रिजवान ने लगातार 7 पारियों में 30+ रन बनाए।

# शीतल बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

● **तोमन कुमार ने भी जीता खिताब, शीतल ने तुर्की की ओजनुर को 146-143 से हराया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्की की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। इसके अलावा तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश को धनुष में 'पुली' की समस्या के कारण चार शॉट के बाद हटना पड़ा। इससे विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू कर रहे तोमन ने चार सटीक तीर के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा।

# मोर्कल ने हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस चिंताओं को किया खारिज



● **हार्दिक श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे**

**दुबई, वार्ता।** भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मोर्कल ने हार्दिक पांड्या और अभिषेक शर्मा की फिटनेस को लेकर उठ रहे सवालों को पूरी तरह से नकार दिया है। रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल से पहले हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे लेकिन गेंदबाजी कोच के बयान के बाद सब कुछ साफ हो गया।

हार्दिक ने शुक्रवार को श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उनके हैमस्ट्रिंग में समस्या हो रही थी। उसी ओवर में उन्होंने कुसल मेंडिस को आउट किया था। इसके बाद वे पूरी पारी में मैदान पर वापस नहीं आए। मोर्कल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हार्दिक को क्रैम्प्स आ रहे थे। आज रात और कल सुबह उनकी जांच होगी, उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। भारत के बॉलिंग कोच ने वही कहा जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा था। इस बीच अभिषेक भी श्रीलंका की पारी के दौरान पहले 10 ओवर के बाद मैदान से बाहर रहे। नौवें ओवर में फील्डिंग करते हुए, उन्होंने अपने दाहिने पैर की जांघ को पकड़कर असहजता जताई और 10वें ओवर में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। उसी समय पथुम निसंका के एक सिक्सर को डेड बॉल करार दिया गया था, क्योंकि अभिषेक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के रन-अप शुरू करने से पहले मैदान से बाहर नहीं गए थे। हार्दिक की तरह अभिषेक का भी बाकी पारी में बर्फ और पिकल जूस से क्रैम्प का इलाज किया गया। रिंकू सिंह, शिवम दुबे और जितेश शर्मा अलग-अलग मौकों पर सब्स्टिट्यूट फील्डर के रूप में मैदान पर आए। एक समय तिलक वर्मा भी थोड़ी देर के लिए बाहर गए, लेकिन हाइड्रेशन ब्रेक लेने के बाद वह मैदान पर लौट आए।

# यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है: जयसूर्या

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनत जयसूर्या को विश्वास नहीं हो रहा था कि श्रीलंका ने दुबई में भारत के खलिाफ एशिया कप सुपर फोर मैच आखरिी ओवर में गंवा दिया है। उनकी यह हार जुलाई 2024 की यादों को ताजा कर गई, जब उन्होंने भारत के खिलाफ एक आसान सी दिख रही जीत को गंवा दिया था। पल्लेकेल स्टेडियम में खेले गए उस मैच में श्रीलंका को छह विकेट शेष रहते दो ओवरों में सिर्फ नौ रन चाहिए थे। फिर भी वे रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव की गेंदबाजी के सामने लड़खड़ा गए और मैच सुपर ओवर में चला गया, जहां वे केवल एक रन ही बना पाए, जिसे सूर्यकुमार ने एक ही गेंद में हासिल कर लिया था। शुक्रवार को, श्रीलंका को जीतने के लिए आखरिी ओवर में 12 रन चाहिए थे, जबकि छह विकेट शेष थे और शतकवीर पथुम निसंका क्रीज पर मौजूद थे। लेकिन वह आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद दसुन शनाका ने मैच को आगे बढ़ाया और आखरिी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। लेकिन आखिरी गेंद पर वह सिर्फ दो ही रन बना पाए। और मैच सुपर



● **कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता, दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए**

ओवर में चला गया, जहां भारतीय टीम ने बाजी मार ली। जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं चाहता था कि हम मैच को सामान्य तरीके से ही जीत लें।

कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए। हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत के खलिाफ हम किसी मानसिक अवरोध के साथ खेलते हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत है। 200 (203) का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग उस स्कोर को हासिल कर लिया था, जो हमारी बल्लेबाजी की गुणवत्ता को दर्शाता है। श्रीलंका की क्लास या गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं है, और निसंका इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। 2021 में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने के बाद, वह अब एक जबरदस्त व्हाइट-बॉल खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले ही हफ्ते ग्रुप स्टेज के बाद निसंका ने जयसूर्या के प्रभाव और कोच द्वारा उन्हें एक अलग पहचान विकसित करने की स्वतंत्रता देने की खुलकर प्रशंसा की थी। शुक्रवार को उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया और 58 गेंदों पर 107 रन की शानदार पारी खेली। जयसूर्या ने निसंका और परेरा की पारी के बारे में कहा कि जब आप 202 (203) का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको लगातार बाउंड्री तलाशनी होती है। उनकी साझेदारी काफी महत्वपूर्ण थी। जब हमने विकेट खोना शुरू किया, तो मोमेंटम दूसरी ओर चला गया। चेज में ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी को जोखिम लेना पड़ता है। दुख की बात है कि पथुम गलत समय पर आउट हो गए, और बाद में गेंद ज्यादा टर्न होने लगी। फिर भी यह एक बहुत अच्छा मैच था।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारतीय धाविका दीप्ति फाइनल में पहुंची

● **दो स्वर्ण के साथ नीदरलैंड शीर्ष पर, दीप्ति ने 400 मी. स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शनिवार को प्रातकालीन सत्र नीदरलैंड दो स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर वहीं पोलैंड भी एक स्वर्ण और एक कांस्य सहित दो पदक दूसरे स्थान पर है।

भारतीय धाविका दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। चीन, कोलंबिया, जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चीनी पैरा एथलीट वेन शियाओयान ने महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में 5-32 मीटर की छलांग लगाई। चैंपियनशिप के पहले दिन के प्रात:कालीन सत्र में कुल सात पदक स्पर्धाएं हुईं। जापान के केन्या करासावा ने पिछले वर्ष के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्राजील के येल्तसिन जैक्स को हराकर इस स्पर्धा में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 5000 मीटर टी-11 दौड़ 15:23:38 के समय के साथ पूरी की। भारतीय दल के लिए सबसे खास बात महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में धाविका दीप्ति जीवनजी का पहुंचना रहा। उन्होंने दूसरी हीट में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह पहले दिन शाम के सत्र में फाइनल में प्रतिस्पर्धा करके भारत को इस उच्च-ऑक्टेन स्पर्धा का पहला पदक दिला सकती हैं। महिलाओं की 100 मीटर टी-71 स्पर्धा में, संयुक्त अरब अमीरात की थेकरा अलकाबी ने 19.89 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड बनाया।

# जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 से 0-5 से हारी

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में चल रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें, 52वें मिनट), सामी लव (38वें मिनट), मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) ने गोल किए। भारत, जिसे कल अपने पहले मैच में 2-3 से मामूली हार का सामना करना पड़ा था, वापसी करने के लिए बेताब था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से ही आक्रामक रुख दिखाया। मेजबान टीम ने मकायला जोन्स के जरिए लगातार दो गोल दागे। ये दोनों मैदानी गोल 10वें और 11वें मिनट में हुए, जिससे भारत मुकाबले की शुरुआत में ही पिछड़ गया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति ने फिर से संगठित होकर अपनी लाइन को मजबूत किया और हाफ टाइम से पहले ऑस्ट्रेलिया को और मौके नहीं दिए। गोलकीपर और डिफेंडरों ने मिलकर लगातार दबाव बनाए रखा, जबकि भारत ने भी कुछ आक्रामक हमले करके आगे बढ़ने का प्रयास किया, हालांकि वे सर्कल में अपने मौकों को भुना नहीं पाए। दूसरे हाफ में, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और मौकों का पूरा फायदा उठाया। सामी लव (38वें मिनट) ने मैदानी गोल करके बढ़त को और मजबूत किया और स्कोर 3-0 कर दिया। भारत ने तेज जवाबी हमले किए लेकन वे विफल रहे। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) के गोल के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिसके दो मिनट बाद मकायला जोन्स (52वें मिनट) ने अपनी हैट्रिक पूरी करके परिणाम को संदेह से परे कर दिया।

## काउंटी में राहुल चाहर का जलवा एक ही पारी में झटके सात विकेट

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन 1 से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। यूटिलिटा बाउल में सरे के लेग-स्पिनर चाहर की फरिकी ने हैम्पशायर को एक ऐसी स्थिति पर ला दिया है, जहां होने की उम्मीद वह कभी नहीं करेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चाहर ने स्पिन लेती पिच का पूरा फायदा उठाते हुए 45 रन देकर 7 विकेट लिए और हैम्पशायर की पारी को 61/0 से 148/9 पर पहुंचा दिया। यह चाहर की पहली काउंटी चैंपियनशिप है। दक्षिणी तट की यह टीम डिविजन वन में बने रहने के लिए हार से बचना चाहती है, लेकिन 181 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह 148/9 तक ही पहुंच पाई है।

# मैदान के बाहर के विवादों से प्रभावित हुआ सूर्या का प्रदर्शन

● **इस साल 10 पारियों में भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ 99 रन बनाए**

**दुबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर आखिरी बार कवर्स में पंच मारकर भारत को सुपर ओवर में जीत दिलाई थी। लेकिन अंत में हुए इस नाटक के शुरू होने से बहुत पहले ही, ऐसा लग रहा था कि वह एक छोटे से खराब प्रदर्शन से प्रभावित होने लगे हैं।

भारत के पहले बल्लेबाजी करते समय, जब वह पगबाधा की अपील पर रिव्यू लेने का फैसला किया, तो शायद यह जानते हुए कि वह पगबाधा आउट हो चुके हैं, यह इस बात की पुष्टि करता है कि टी-20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक, एक साधारण बल्लेबाज था, जिसने पिछले तीन मैचों में 12, 5 और 0 के स्कोर बनाए थे। ये स्कोर के एक व्यापक समूह का हिस्सा हैं जो ज्यादा आक्रामक हैं। इस साल दस पारियों में, भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ सिर्फ



99 रन बनाए हैं। अगर आप थोड़ा और पीछे जाएं, जून 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत के ठीक बाद से लेकर अब तक, तो ये आंकड़े थोड़े ही बेहतर होते हैं: 19 पारियों में दो अर्द्धशतकों के साथ 329 रन। सूर्यकुमार के ऊंचे मानक उनके इस फॉर्म को खोखला कर देते हैं। और ऐसा किसी स्पष्ट कमजोरी या बड़ी खामियों की वजह से नहीं है, हालांकि उनकी पूर्व-योजना बनाने की आदत - जैसे कि वह पिक-अप फ्लिक जिसे वह ज्यादातर बेपरवाही से खेलते हैं - इस एशिया कप में ही कई बार उनके पतन का कारण बनी है। सूर्यकुमार के लिए, यह खराब प्रदर्शन ऐसे समय में आया है जब अलग-अलग कारणों से सुर्खियां उन पर बनी हुई हैं-उनके हाव-भाव, टिप्पणियां, प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुटकुले और सबसे बड़ी बात, हाथ मिलाने का मामला। इसके अलावा अनुशासनात्मक सुनवाई और बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल भी हुए हैं। इसके बावजूद भारत का अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंचना उन्हें राहत दे रहा है। सूर्यकुमार के मामले में विरोधाभास साफ दिखाई देता है क्योंकि उन्होंने मैच के दिनों की चकाचौंध से दूर, बल्लेबाजी को कितनी सहजता से किया है। एशिया कप के पहले हाफ में ट्रेनिंग के दौरान, उन्होंने किसी भी बल्लेबाज की तरह ही शानदार बल्लेबाजी की, जिससे यह साबित होता है कि वह एक खतरनाक ऑलराउंड बल्लेबाज क्यों हैं। हालांकि, मैच के दिनों में, उनकी बेरुखी और कभी-कभी, कुछ खास शॉट लगाने की बेताबी साफ दिखाई देती है। शुक्रवार को, सूर्यकुमार को एक बेजान मैदान में अपनी लय हासिल करने का मौका मिला।

# अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

■ एसडीएम सदर ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार ने राजस्व टीम एवं थाना प्रभारी संजीव कुमार ने अवैध खनिज परिवहन के विरूद्ध चिलक.ाना क्षेत्र में कल रात विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान अवैध खनन से भरे 8 डम्फर को माईनिंग टैग न होने, ओवरलोड तथा नम्बर प्लेट से छेडछाड करने के कारण तत्काल सीज करा दिया गया। साथ ही रेकी कर रहे दो कार चालकों को भी गिरफ्तार किया गया है। रेकी कर रही एक स्विफ्ट कार एवं क्रेटा कार को जब्त कर लिया गया है। उपजिलाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन के विरूद्ध यह अभियान जारी रहेगा। ऐसे वाहन जो मोटर व्हीकल एक्ट के हाई स्कयूरीटी नम्बर प्लेट नियमों, यथा-प्लेट के बांए तरफ नीले रंग में आईएनडी हॉट-स्टैम्पड होता है तथा प्लेट को स्नैपलॉक जिसे हटाया नहीं जा सकता, का पालन नहीं करेंगे, आगे व पीछे नम्बर प्लेट न होने के कारण ऐसे वाहनों के विरूद्ध प्रथम बार जुर्माना तथा बार-बार उल्लघंन करने पर परिवहन विभाग द्वारा इनका पंजीकरण रद्द कर वाहनों के जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए तहसील सदर के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करें। साथ ही ओवर लोड एवं बिना माइनिंग टैग वाले वाहनों पर भी लगातार कार्यवाही की जायेगी। एक सप्ताह के अन्दर विशेष अभियान चलाकर तहसील सदर क्षेत्र के अन्तर्गत 22 वाहनों को अवैध खनिज परिवहन में सीज किया गया है।

## खनन के 8 डम्पर व रेकी करने वाली 2 कार पकड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** राजस्व विभाग टीम ने पुलिस टीम को साथ लेकर अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध खनन से भरे 8 डम्पर व रेकी करने वाली 2 कारों को पकडा है तथा अवैध खनन में लिप्त 11 आरो.पियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

शुक्रवार देर रात्रि के समय एसडीएम सुबोध कुमार की अगुवाई में राजस्व विभाग ने पुलिस टीम को साथ लेकर अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए 8 डम्पर 18 टायर व रेकी में लगी 2 कारों को पकड़ा है। इसके साथ साथ ही अवैध खनन में लिप्त 11 आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में शोयब पुत्र मुबारिक निवासी जहीरपुर थाना देवबन्द, गुलफाम पुत्र जमील निवासी रियावली नगला थाना रतनपुरी, वसीम पुत्र यासीन निवासी मंधवारा थाना बुढाना, फुरकान पुत्र इसराईल निवासी अलीपारपुर थाना मंसूरपुर, अनस पुत्र शहजाद निवासी जौला थाना बुढाना, फारूख पुत्र यासीन निवासी मंधवाडा थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, रजा पुत्र रिजवान निवासी धौलाहेडी थाना चिलकाना, जुबैर पुत्र इमरान निवासी दूधगढ थाना चिलकाना, मुदस्सिर पुत्र रागिब निवासी धौलाहेडी थाना चिलकाना, इनाम पुत्र अख्तर निवासी तल्हेडी बुजुर्ग थाना देवबन्द, मिथुन पुत्र महेन्द्र निवासी कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली शामिल है।

# सड़कों पर तमाशा करने की बजाए नबी के बताए उसूलों पर चलें: इमरान

■ दुनिया को मौहब्बत का पैगाम दिया मुहम्मद ( स.अ.व. ) ने: मसूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बरेली हुई घटना के बाद कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि मुहम्मद हमारे दिलों में है इसे किसी को दिखाने की जरूरत नहीं है। उपद्रव करने वाला कोई भी हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिये। उन्होंने मौलानाओं से भी अपील करते हुए कहा कि वह आगे आकर लोगों को समझाएं।

इमरान मसूद ने कहा कि मस्जिद नमाज अदा करने के लिये है जुमे की नमाज के बाद इस तरह से इक्टठे होकर प्रदर्शन करना गलत है। ऐसा कोई मुसलमान नहीं है जिसके अंदर मुहम्मद से मुहब्बत न हो। इसे बताने और दिखाने की जरूरत नहीं है। मुहम्मद मेरी जिंदगी का मकसद है उनके उसूलों पर चलना है, लेकिन सडकों पर आकर तमाशा करना समझ से परे है। इससे बचना चाहिये।



साथ ही मौलाना भी आगे आकर लोगों को समझायें। जिस मुहम्मद ने दुनियाभर में मुहब्बत का पैगाम दिया उनके नाम पर नफरत फैलाये यह जायज नहीं है। यह हर सूरत में बंद होना चाहिये। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कौन लोग इसके पीछे है इन्हें चिन्हित करना पडेगा। नफरत का माहौल दोबारा जिंदा नहीं होना चाहिये। इससे देश को नुकसान है।

इमरान मसूद ने यह भी कहा कि मुसलमान को टारगेट करने का काम यह सरकार हमेशा करती है और यह कहने से मुझे झिझक नहीं है, लेकिन हमें उन चीजों से बचना चाहिये जिससे नफरत पैदा होती है। उन्होंने योगी सरकार को घेरते हुए कहा कि उपद्रवी जाति व धर्म के आधार पर चिन्हित किये जाते है। यदि उपद्रवियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई करती है तो मेरठ में क्यों कार्रवाई नहीं हुई। वहां तो उल्टे पुलिसकर्मियों से ही माफी मंगवाने का काम हुआ। उन्होंने कहा कि न्याय की देवी अंधी होती है उसकी आंखों पर पटटी बंधी होती है, लेकिन यहां तो पटटी खुली हुई है।

# ऑरेंज डेल में मनाया दशहरा पर्व



**सहारनपुर।** ऑरेंज डेल स्कूल, वसंत विहार में दशहरा पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण का रूप धरकर आए, जिसने सभी का मन मोह लिया।

छोटे छोटे बच्चों ने बहुत ही आत्मविश्वास के साथ अलग अलग किरदारों के डायलॉग बोलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी. डी. गर्ग अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को उपहार प्रदान किए और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में लगभग 12 फीट ऊँचे रावण का दहन किया गया, जिसे देख बच्चे और अभिभावक उत्साहित हो उठे। रावण का पुतला जलते ही सभी बच्चीं ने श्रीराम के जयकारे की। स्कूल के प्रिंसिपल निमित गुप्ता ने सभी बच्चों को समझाया की दशहरा प्रभु श्रीराम द्वारा रावण के वध का पर्व है जो कि असत्य, अधर्म पर धर्म व सत्य की जीत थी।

कार्येक्रम का संचालन श्रीमती आक्षी गुप्ता ने किया। सभी छोटे छोटे बच्चों को धर्म सत्ये और इस पर्व का महत्व समझाया। इस अवसर पर राधा गर्ग, स्वाति गर्ग, डॉ. अभिनव गर्ग तथा विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती रेणु गुप्ता सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# शिकायत पर किया नगर का भ्रमण

**चिलकाना।** नवरात्रि उपवास के दौरान नगर के हिन्दू मोहल्लों के निकट मांस की दुकाने खोले जाने की शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ नगर में भ्रमण किया।

ज्ञात हो कि प्रथम नवरात्रि के दिन बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के हिन्दू मोहल्लों के निकट व मुख्य मार्गो पर खुली मीट मांस की दुकानो को नवरात्रि पर्व के दिनों में बंद कराये जाने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार को पत्र सौपा गया था। जिसके बाद से उक्त स्थानों पर मांस मछली की सभी दुकाने बंद चली आ रही है। लेकिन बजरंग दल कार्यकर्ताओं की ओर से थाना प्रभारी को शिकायत मिली थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ नगर भृमण किया गया।

# मंत्री जसवंत व विधायक मुकेश ने बढ़ाया हौंसला

## सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जनपद स्तर पर रेनबो स्कूल में आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद स्तर पर आयोजित चित्र कला प्रतियोगिता का राजयमंत्री जसवंत सैनी व नकुड विधायक मुक.ेश चौधरी ने अवलोकन कर प्रतिभागियों की हौंसला अफजाई की।

रेनबो स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग 9 से 12 , सीनियर वर्ग विश्वविद्यालय एवं डिग्री कॉलेज के छात्र तथा आमजन द्वारा प्रतिभा किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता में साढे 300 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा प्रतिभा किया गया। प्रतियोगिता में विकसित भारत,आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा एवं आमजन द्वारा विभिन्न पोस्टर बनाए गए।



प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री श्री जसवंत सैनी एवं विधायक नकुड मुकेश चौधरी द्वारा निरीक्षण किया गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया। उन्होने विभिन्न प्रतियोगियों से उनकी उनके पोस्टर एवं उसके बारे में उनके बनाने के विषय एवं उसे पर विचार पर चर्चा भी की गई।

निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता के बाद सभी प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के पश्चात विज.ेताओं की सूची घोषित की जाएगी। इस दौरान प्रोग्रे.सिव स्कूल सोसायटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, महासचिव सुधीर जोशी, रेनबो स्कूल की प्रधानाचार्य आशु राठौर, जिला विद्यालय निरीक्षक अमित कुमार पाठक, हर्षदेव स्वामी आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत में न घुसे बाहरी व्यक्तिः टीपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजसेवी टीपू सुल्तान ने बेहट नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर पंचायत परिसर में बाहरी व्यक्ति का प्रवेश रोके जाने की मांग की है।

अधिशासी अधिकारी को लिखे पत्र में टीपू सुलतान ने कहा कि अध्यक्ष नगर पंचायत बेहट एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा टैक्स की सुनवाई हेतु एवं आपत्ति के लिए नगर पंचायत बेहट में कस्बे वासियों को आमंत्रित किया हुआ था मैं भी अपने टैक्स के संबंध में जानकारी के लिए एवं टैक्स कम करवाने के लिए नगर पंचायत बेहट में गया तब तक नगर पंचायत बंद हो चुकी थी।

उन्होने कहा कि मैंने देखा कि नगर पंचायत के कर्मचारियों के केबिन में एक अल्लाह दिया नाम का शख्स अंदर घुस रहा है जिसकी वीडियो मौके पर बनाई। जब उसके बारे में पता चला कि वह नगर पंचायत का कर्मचारी नही बल्कि बाहरी व्यक्ति है और उसका नाम अल्लादिया है। जब ओमप्रकाश बाबू से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं और यह व्यक्ति नगर पंचायत का कर्मचारी भी नहीं है। जिसकी वीडियो वाटसएप के माध्यम से डाली जा रही है। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसके खिलाफ नगर पंचायत में प्रवेश निषेद की कार्यवाही की जाये। ताकि नगर पंचायत परिसर में कोई गलत काम न हो।

# पूर्व एमएलसी की जमीन पर कर डाला करोड़ों का खनन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दबंगों ने पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उनके परिवार की जमीन पर करोड़ों रुपए की मिट्टी का अवैध खनन कर डाला। साथ ही करोड़ों रुपए राजस्व का भी नुकसान भी कर दिया है। इस मामले में पूर्व एमएलसी की पत्नी फरीदा बेगम ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सीएम को भेजी शिकायत में कहा गया है कि प्रार्थिया की पारिवारिक कंपनी की जमीन ग्राम सफीपुर में स्थित है। उस जमीन पर धनराज, महबूब व स्टोन क्रेशर के मालिक द्वारा गुंडों और हथियारों के बल पर जबरदस्ती खेत की तारबाड़ तोड़कर हैवी जेसीबी मशीनों व डंपरों द्वारा लगभग एक करोड़ रुपए का अवैध खनन किया गया। उन्होंने जबरदस्ती खेत में बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए हैं, जिससे पूरा खेत नष्ट हो गया है। वर्तमान में खेत की जमीन ऐसी स्थिति में है कि वह बोने/उपयोग करने योग्य नहीं रही। आरोप है कि धनराज, महबूब और अशोक प्रधान का काफी बड़ा गैंग है, जिसमें सैकड़ों सदस्य शामिल हैं। इनका सरगना धनराज, महबूब और अशोक प्रधान पहले से ही प्रार्थिया के परिवार की जमीनों पर जबरदस्ती कब्जा करते रहे हैं तथा कूट रचित दस्तावेज बनाकर जमीन बेचते रहे हैं। इस संबंध में पहले भी इनके खिलाफ कई प्रार्थना पत्र दिए गए, परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वर्तमान में भी धनराज, महबूब और अशोक प्रधान गैंग की जांच एसपी ट्रैफिक द्वारा की जा रही है।



शिकायत में कहा गया है कि जिस प्रकार खुलेआम भारी मशीनों और गाड़ियों के माध्यम से अवैध खनन किया गया है. उससे न केवल प्रार्थिया के परिवार को ही भारी क्षति नहीं पहुँची है, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार को भी करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। अतः इनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाना अति आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई भी गैंग इस प्रकार की हिम्मत न कर सके।

# पॉक्सो एक्ट का फरार आरोपी पकड़ा

**गागलहेड़ी।** थाना पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए पाक्सो एक्ट के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए पाक्सो एक्ट के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पाक्सो एक्ट के फरार आरोपी लक्षदीप पुत्र चन्द्रवीर निवासी कुरली थाना बिहारीगढ़ जनपद सहारनपुर को हरोड़ा कट से गिरफ्तार किया है जिसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही। पुलिस टीम थानाध्यक्ष श्प्रवेश कुमार, उनि श्री देवकरण शर्मा, मउनि मोनिका यादव एवं महिला थाना /एन्टी-रोमियो टीम, गागलहेड़ी, अल्पना भारती मौजूद रहे।

# कारवां ए गंगोह सम्मानित



**गंगोह।** पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए कारवां ए गंगोह द्वारा तीन ट्रक जरूरी सामान के भरकर भेजे गए। तीन दिन की इस मुहिम में बड़े पैमाने पर गंगोह नगर वासियों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया और इंसानियत का सबूत पेश किया।

तीन ट्रकों में भरा ये सामान सहारनपुर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा और खालसा एड के हवाले किया गया। वहीं सिख समाज के सभी जिम्मेदारों ने कारवां ए गंगोह की खूब तारीफ की और कारवां ए की इस पहल का स्वागत किया। इस मौके पर सैय्यद सलमान हुसैन व कारवां ए गंगोह की टीम को सिख भाइयों ने अवॉर्ड देकर सम्मानित किया और सभी का शुक्रिया अदा किया।

# सांसद मुकुल वासनिक से मिले मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद मुजतबा एडवोकेट ने नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव ,कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और राज्य सभा सांसद मुकुल वासनिक से शिष्टाचार भेंट कर उनको आज उनके जन्मदिन पर भेंट कर मुबारकबाद दी।

मुजतबा एडवोकेट ने मुलाकात के दौरान मोजूदा और भविष्य की राजनीति के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महास.चव संसद सदस्य मुकुल वासनिक और उनकी पत्नी रवीना खुराना ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, नोशाद अली, राव यूसुफ, अरविंद काम्बोज, कुद्दूस मलिक, वकील मलिक, महबूब तलहेड़ी, फेसल मिर्जा, नासिर सैफी, अरशद मलिक, परवेज मलिक आदि मोजूद रहे।

# अलग-अलग हादसों में एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शाकंभरी देवी मेला परिक्षेत्र में दो अलग अलग हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घायलों को सीएचसी बेहट में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक घर भेज दिया गया है, जबकि दूसरे की हालत गंभीर मानते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

शनिवार को पहला हादसा गांव नागल माफी के निकट बनी पार्किंग में हुआ है। कोतवाली बेहट कस्बे के मोहल्ला माजरी निवासी 40 वर्षीय धूम सिंह पुत्र फूल सिंह शनिवार को शाकंभरी देवी दर्शन को गया था। गांव नागल माफी के निकट बनी मेला पार्किंग में वह आराम करने के लिए रुका तो उसे वहीं नीद आ गई। इसी बीच पार्किंग से गुजर रहे किसी अज्ञात वाहन ने धूम सिंह को कुचल दिया,जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दूसरा हादसा भी गांव नागल माफी और भूरादेव मंदिर के बीच रास्ते में हुआ है। थाना रामपुर मनिहारान निवासी राजा पुत्र भूललन बाइक से शाकंभरी देवी दर्शन कर वापस लौट रहा था। रास्ते में उससे गांव नागल माफी निवासी इनाम पुत्र फुरकान ने लिफ्ट मांगी और बाइक पर सवार हो गया। कुछ दूर जाते ही आगे चल रहे कार चालक में ब्रेक लगाए तो बाईक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। हादसे में बाईक सवार दोनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

# बच्चों को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय विद्यालयों मे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के 1438 परिषदीय विद्यालयों मे 82954 छात्रों के द्वारा स्वच्छ विद्यालय प्रदर्शनी दिवस की गति.विधि मे प्रतिभाग किया गया।

विद्यालयों मे शिक्षकों के द्वारा छात्रों को स्वच्छ विद्यालय प्रदर्शनी दिवस मे के बारे मे बच्चों को जानक.ारी दी गयी एवं स्वच्छ विद्यालय प्रदर्शनी मे विद्यालय परिसर मे साफ सफाई, स्वछता शपथ दिलाना,छात्रों के लिए पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता, साम.ुदायिक भागीदारी, स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने जैसी गतिविधि करायी गयी. छात्रों के द्वारा विद्यालय मे नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। 30 सितम्बर तक चलने वाली स्वच्छता पखवाडे में पानी और स्वच्छता सुविधाओं की शिक्षकों द्वारा निगरानी की जायेगी। कार्यक्रम में पी.एम. श्री विद्यालय सतपुरा, प्राथमिक विद्यालय ढकदेई, प्राथमिक विद्यालय बुड्ढाखेडा, प्राथमिक विद्यालय बड़गाव, प्राथमिक विद्यालय रामखेड़ी, के द्वारा विशेष गति.विधियां कराकर बच्चों को प्रेरित किया।

# अजय त्यागी सचिव व धर्मवीर कोषाध्यक्ष पद पर जीते

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेलवे इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में आज एनआरएमयू के समर्थित अजय त्यागी सचिव व कोषाध्यक्ष धर्मवीर पद जीत हासिल की। चुनाव परिणाम के घोषणा के बाद समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों माल्यापर्ण कर उनका स्वागत किया, निर्वाचित पदाधिरियों ने सभी का आभार जताया।

रेलवे इंस्टीट्यूट के सचिव, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव अधिकारी मनीष धवन, रेलवे इंजीनियर विभाग खंड अभियन्ता की अध्यक्षता में रेलवे इंस्टीट्यूट का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अजय त्यागी ने सचिव पद पर एवं धर्मवीर ने कोषाध्यक्ष के पद पर भारी मतों से विजय प्राप्त कर अम्बाला मंडल मे ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। यह जीत संगठन की मजबूती, एकता



और रेल कर्मचारियों के अपार विश्वास का परिणाम है। चुनाव अधिकारी मनीष धवन ने बताया कि कुल मतदाता 844 थे जिसमें 759 मतदाताओं द्वारा वोट डाले गए। आपने बताया कि रेलवे इंस्टीट्यूट चुनाव में एनआरएमयू समर्थित सचिव पद प्रत्याशी अजय त्यागी ने 338 वोट हासिल कर विजय प्राप्त की और कोषाध्यक्ष पद पर धर्मवीर ने सबसे अधिक 392 वोट हासिल कर यूआरएमयू के प्रत्याशियों को परास्त करते हुए भारी मतों से विजय प्राप्त की। चुनाव अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियो को बधाई व शुभकामनाएं दी। विजयी प्रत्याशी सचिव अजय त्यागी, कोषाध्यक्ष धर्मवीर ने कहा कि यह जीत केवल व्यक्तिगत विजय नहीं है, बल्कि संगठन की एकता और कर्मचारियों के विश्वास की जीत है। हम सब मिलकर एनआरएमयू को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

एनआरएमयू के समर्थित विजयी प्रत्याशियों सचिव अजय त्यागी एवं कोषाध्यक्ष धर्मवीर आदि का एनआरएमयू के वरिष्ठ पदाधिकारियों शाखा सचिव (मैन ब्रांच) काम. प्रमजीत सिंह, शाखा अध्यक्ष (मैन ब्रांच) दुष्यंतर कुमार, शाखा सचिव (जंक्शन ब्रांच) सचिव काम. सुल्तान अहमद, शाखा अध्यक्ष (जंक्शन ब्रांच) काम. परविंदर सिंह, शाखा सचिव (केजेजीवाई यार्ड) काम. सुशील कुमार, शाखा अध्यक्ष (केजेजीवाई यार्ड) सुनील शर्मा आदि के अलावा वी.के.गुप्ता, जे.के. त्यागी, राहुल कुमार, विनोद कुमार, उत्सव सेठ, मनोज कुमार, समन्दर, प्रताप सिंह, विनय कुमार, कुश्राग त्यागी, आमीर आलम, श्रवण कुमार, अरविन्द कुमार, अंकित, बिजेन्द्र कुमार, अमित सक्सेना, मोनिका, आशा गौरा, मोनिका गुप्ता, प्रीति, अनू, राशिका, कुशम लत्ता, गुलशन, अभिताभ, आकाश आदि के अलावा अन्य रेल कर्मचारी भाई-बहनों ने रेलवे इंस्टीटयूट के विजयी प्रत्याशियों को फूल माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

-: ई- निविदा सूचना:-

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यो को ठेके के माध्यम से सम्पादित करानें हेतु, अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से निम्न विवरण के अनुसार ई- निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.स. | कार्य का विवरण। | निविदा धरोहर धनराशि (रु.) | ई- निविदा भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 नग ब्वालयरों (प्रत्येक 40 टन क्षमता) के फलाई ऐश एरेस्टरो के ऐश पौण्ड से सफाई सम्बन्धित कार्य। | रु. 50,000.00 | 03.10.2025 (सायंकाल 06:30 बजे तक) |
| 02 | 03 नग ब्वालयरों ( 20 टन क्षमता के 02 नगर, 30 टन क्षमता का 01 नग) के फलाई ऐश एरेस्टरो के ऐश पौण्ड से सफाई सम्बन्धित कार्य। | रु. 50,000.00 | 03.10.2025 (सायंकाल 06:30 बजे तक) |

**नोट:-**

01. उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है।
02. इच्छुक निविदादाता ई-निविदा प्रारम्भ होने से निर्धारित समयार्न्तगत ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र, नियम एवं शर्ते पोर्टल https://etender.up.nic.in तथा संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट htts://www.upsugarfed.org पर लॉगिन कर ई-निविदा को भर सकते है।
03. उपरोक्त कार्यो हेतु ऑफलाइन निविदाएं मान्य नहीं होगी।
04. अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**भवदीय**
**( अंकित कुमार )**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**

# पाक पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत

## भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा: जले हुए एयरबेस जीत हैं, तो जश्न मनाएं



■ पीएम शरीफ ने कहा था भारत से हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी, भारत के सात विमान गिराए थे

**वाशिंगटन।** भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा कि पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता। गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि 9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था।

10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले हुए हवाई अड्डे जीत हैं, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गिराए थे। गहलोत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय बातचीत से हल होंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के शांति के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका देश नफरत में डूबा है। भारत ने साफ किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाएगा। गहलोत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में मारे गए आतंकियों का जिक्र किया और कुख्यात आतंकवादियों को श्रद्धांजलि और सम्मान देने का भी आरोप लगाया। गहलोत ने आगे कहा कि एक तस्वीर हजार शब्द बयां करती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर और मुरीदके के आतंकी परिसरों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं। जब पाकिस्तानी सैन्य और अधिकारी खुलकर आतंकवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इससे शासन पर संदेह नहीं होगा? लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग आतंकियों के नमाज-ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था।

गहलोत ने जोर देकर कहा कि सच्चाई यह है कि पहले की ही तरह, पाकिस्तान भारत में बेगुनाहों पर आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार है। हमने अपने लोगों की रक्षा करने और जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया है, साथ ही अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान से तुरंत सभी आतंकवादी शिविरों को बंद करने और सभी आतंकवादियों को सौंपने की मांग की। गहलोत ने चेतावनी दी कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' के आगे झुके बिना आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों को जवाबदेह ठहराएगा। गहलोत ने बताया कि इस साल अप्रैल में पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आतंकी संगठन को बचाया था।

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों का एक्शन, 17 टीटीपी आतंकवादी ढेर, हथियार भी जब्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 17 आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारी शहबाज इलाही के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार को फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और पुलिस की संयुक्त खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करक जिले में मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। इलाके में टीटीपी और नजीर ग्रुप से जुड़े आतंकवादी मौजूद थे। ऐसे में जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के करीब पहुंचे, तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 17 आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।



हैदराबाद। भारी बारिश के बाद उफनती मुसी नदी पर बना पुल पानी में डूबा हुआ

## अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए ड्रोन तैनात करने की योजना लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए हजारों अत्याधुनिक ड्रोन तैनात करने की योजना अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इस पहल में चीन का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हज़ारों ड्रोन खरीदना और तैनात करना शामिल था। दो साल पहले शुरू किया गया रेप्लिकेटर कार्यक्रम फरवरी-अगस्त 2025 में लागू होना था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों को यह समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा कि इस कार्यक्रम की कुछ प्रणालियों का ज़मीनी स्तर पर कैसे उपयोग किया जाए।

## इजरायली हमलों में 38 लोगों की मौत

### युद्धविराम की मांगों को नेतन्याहू ने किया नजरअंदाज



**गाजा।** इजरायल द्वारा गाजा में बीती रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भले ही इजरायल पर युद्धविराम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमले जारी रखने पर अड़े हुए हैं। शनिवार तड़के मध्य और उत्तरी गाजा में हुए हमलों में कई लोग अपने घरों में मारे गए।

इनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। उनके शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए हैं। शनिवार सुबह गाजा सिटी के तुफाह इलाके में एक घर पर किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। शरणार्थी शिविर में हुए एक और हवाई हमले में चार और लोगों की मौत हुई। गाजा सिटी के अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र ढहने की कगार पर हैं। लगभग दो हफ्ते से जारी हमलों में दो क्लिनिक पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। दो अस्पताल क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गए और बाकी अस्पताल दवाओं, उपकरणों, भोजन और ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं। कई डॉक्टरों और नर्सों को अस्पताल छोड़ना पड़ा है। जिससे केवल कुछ ही लोग गंभीर मरीजों और बच्चों की देखभाल कर पा रहे हैं। शुक्रवार को 'डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' ने गाजा सिटी में अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं। संगठन ने बताया कि इजरायली टैंक उनके स्वास्थ्य केंद्रों से आधा मील दूर तक पहुंच गए हैं और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। उत्तरी गाजा में खाद्य संकट की स्थिति और बिगड़ गया है। इजरायल ने 12 सितम्बर से यहां राहत सामग्री की आपूर्ति रोक दी थी और संयुक्त राष्ट्र की बार-बार की गई अपीलों को भी खारिज कर दिया था।

## यूएन में नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट

### इजरायली पीएम बोले: सभी दुश्मनों को खत्म किया



■ गिरफ्तारी से बचने को पांच देशों का एयरस्पेस छोड़कर नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे

■ नेतन्याहू ने फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया

**वाशिंगटन।** इजरायली पीएम नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में बायकाट किया गया। नेतन्याहू ने शुक्रवार को जैसे ही यूएन महासभा में स्पीच देना शुरू किया, 50 देशों के सौ डिप्लोमैट्स हाल से बाहर चले गए। वाकआउट करने वाले देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित वे देश शामिल थे जिन्होंने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता दी है। अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिनिधि कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की जगह जूनियर राजनयिक बैठे थे। हालांकि, नेतन्याहू ने भाषण जारी रखा। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले एक साल में हालात बदल गए हैं।

इजरायल ने अपने सभी दुश्मनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने यमन में हूती, गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद और सबसे अहम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को तबाह कर दिया। नेतन्याहू के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का वारंट जारी है, ऐसे में वे आज यूएन में बैठक में शामिल होने के लिए रास्ता बदलकर न्यूयार्क पहुंचे। नेतन्याहू 5 यूरोपीय देशों के एयरस्पेस से बचते हुए 600 किमी एक्स्ट्रा ट्रैवल करके अमेरिका पहुंचे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु प्रोग्राम सिर्फ इजरायल को खत्म करने के लिए नहीं है, बल्कि उसका मकसद अमेरिका को धमकाना और दुनियाभर के देशों पर दबाव बनाना भी है। नेतन्याहू ने कहा कि जब वे पिछली बार यूएन में खड़े हुए थे, तब ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहा था और उसके समर्थक हमास और हिजबुल्लाह, इजरायल को लगातार निशाना बना रहे थे। लेकिन अब इजरायल इन खतरों को मिटा चुका है। नेतन्याहू ने बताया कि ईरान के साथ-साथ अल कायदा, हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठन अमेरिकी और यूरोपीय लोगों की हत्या में शामिल थे। नेतन्याहू ने मिडिल ईस्ट की फोटो दिखाकर बताया कि इजरायल ने किन-किन दुश्मनों को खत्म कर दिया है।

नेतन्याहू ने भाषण के दौरान क्यूआर कोड वाला बैज पहना था। यह क्यूआर कोड 7 अक्टूबर, 2023 के हमास हमले से जुड़ी एक वेबसाइट से लिंक करता है। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध मिडिल ईस्ट में शांति लाएगा और इससे अब्राहम अकार्ड मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने कई पश्चिमी देशों की तरफ से फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया। उन्होंने इसे गलत बताते हुए कहा कि इससे हमास जैसे समूहों को बढ़ावा मिलेगा और यहूदी व अन्य लोगों पर हमले बढ़ेंगे। उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले की तुलना अमेरिका के 11 सितम्बर, 2001 के हमले से की।

## नाइजीरिया में सोने की खदान धंसी, 100 की मौत

### एक स्थानीय निवासी ने बताया: अब तक 13 शव निकाले गए, जिसमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है



**मईडुगुरी।** नाइजीरिया के जाम्फारा राज्य में सोने की खदान धंसने से कम से कम 100 मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। घटना कदौरी खदान स्थल, मरू स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुई, जब दर्जनों खनिक भूमिगत होकर काम कर रहे थे।

स्थानीय निवासी सानुसी आउवाल ने बताया कि अब तक 13 शव निकाल लिए गए हैं, जिनमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है। बचने वाले मजदूर इस हादसे से गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बता दें कि जाम्फारा खनिक संघ के मुहम्मदू ईसा ने बताया कि बचावकर्मी भी दम घुटने से प्रभावित हुए। अवैध खनन इस क्षेत्र में आम है और अक्सर सशस्त्र गिरोह खानों पर नियंत्रण रखते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। पुलिस प्रवक्ता याजिद अबुबाकर ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले सप्ताह नाइजीरिया के एक संवेदनशील इलाके में हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 14 नाइजरियाई सैनिक मारे गए। यह जानकारी देश के रक्षा मंत्री ने एक बयान में दी। इस पश्चिमी अफ्रीका देश में बढ़ते बढ़ते चरमपंथी हमलों में यह ताजा हमला है। यह हमला बुधवार को तिल्लाबेरी क्षेत्र में हुआ, जो पहले से ही हिंसा और उग्रवाद के लिए कुख्यात है। सरकारी टेलीविजन आरटीएन पर शनिवार रात प्रसारित एक बयान में बताया गया कि यह हमला उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई को तिल्लाबेरी के बाहरी इलाके में तैनात किया गया था। उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ हथियारबंद लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर डकैती कर रहे हैं। रक्षा मंत्री सालिफू मोदी ने कहा, यह डकैती की कोशिश वास्तव में एक जाल था, जिससे सैनिकों को घात में फंसाया गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले के पीछे किस समूह का हाथ है। नाइजीरिया में कई उग्रवादी समूह सक्रिय हैं, जो आम नागरिकों और सेना दोनों को निशाना बनाते हैं। इनमें इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन भी शामिल हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 42 लाख लोग प्रभावित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बाढ़ से 42 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने अपने आकलन में यह जानकारी दी। आकलन रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय सरकार के साथ आठ से 18 सितम्बर तक संयुक्त रूप से किए गए इस सर्वेक्षण में 18 बाढ़ प्रभावित ज़िलों के लगभग 2,000 गांव शामिल थे।लगभग 28 लाख लोग विस्थापित एवं लगभग 161700 घर क्षतिग्रस्त हुए और स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 26 जून से 19 सितम्बर के बीच देश भर में लगभग 30 लाख लोगों को बचाया गया।

## बांग्लादेशी प्रवासी बोले: यूनुस पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान वापस जाओ

■ बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बना रहे, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का आरोप लगाया

**वाशिंगटन।** बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए 'यूनुस इज पाकिस्तानी' और 'गो बैक टु पाकिस्तान' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को 'तालिबान जैसा देश' बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने एएनआई से कहा कि हम हिंदू, बौद्ध, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ हैं। हम हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें यूनुस ने गैरकानूनी ढंग से जेल में कैद कर रखा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेख हसीना की सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया गया। उनकी सरकार लोकतांत्रिक थी। यूनुस ने सत्ता हड़प ली और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। प्रदर्शनकारी बोले: यूनुस के सत्ता में से कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।

## यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या

■ सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी हमलावरों की तलाश जारी

**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और सामुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिकारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। किसी भी समूह ने घटना की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। निवासियों ने बताया कि हत्या के बाद, अकरबी के प्रति वफादार दर्जनों सशस्त्र कबायली लोग अदन के विभिन्न हिस्सों में तैनात हो गए, उन्होंने चौकियां स्थापित कर दीं और शहर में तनाव बढ़ गया।

## यूक्रेन आतंकियों को कामिकेज ड्रोन का आपूर्तिकर्ता बना: माली

**कीव।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि यूक्रेन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज ड्रोन का मुख्य आपूर्तिकर्ता बन चुका है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि यूक्रेनी शासन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज़ ड्रोन की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में से एक बन गया है। इसके मद्देनजर पश्चिमी देशों को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद कर देनी चाहिए क्योंकि इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के प्रसार का खतरा है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि यूक्रेन ने जुलाई 2024 में तिनजाउटेन में माली के सुरक्षा बलों पर हुए हमले में अपनी संलिप्तता की बात खुले तौर पर स्वीकार की थी।

## UNSC ईरान परमाणु समझौते को बढ़ाने में विफल

■ यह प्रस्ताव ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को 2015 के ईरान परमाणु समझौते (जेसीपीओए) को छह महीने तक बढ़ाने वाला प्रस्ताव पारित करने में असफल रही जिससे ईरान को कूटनीति के लिए कुछ समय मिल जाता।

यदि यह मसौदा प्रस्ताव पारित हो जाता है तो यह ईरान और छह शक्तिशाली देशों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते को छह महीने के लिए और बढ़ा देता। साथ ही इसे समर्थन देने वाली सुरक्षा परिषद के संकल्प 2231 को भी विस्तार दे देता। यह ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता। चीन और रूस द्वारा प्रस्तुत मसौदा प्रस्ताव को चार वोट पक्ष में (अल्जीरिया, चीन, पाकिस्तान, रूस), नौ वोट विरोध में और दो तटस्थ मत (गुयाना, दक्षिण कोरिया) प्राप्त हुए। इसे पारित होने के लिए नौ सकारात्मक वोटों की आवश्यकता थी। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने 28 अगस्त को ईरान के 'महत्वपूर्ण गैर-प्रदर्शन' का हवाला देकर स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय करने का दावा किया था। हालांकि, ई3 की कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठे हैं, क्योंकि उन्होंने विवाद समाधान तंत्र (डीआरएम) का पालन नहीं किया, जो जेसीपीओए और संकल्प 2231 के तहत विवाद सुलझाने के लिए 35 दिन का समय देता है। यह परिणाम 19 सितम्बर को दक्षिण कोरिया द्वारा प्रस्तुत एक समान प्रस्ताव की विफलता के अनुरूप है, जो प्रतिबंधों में राहत को जारी रखता। संकल्प 2231, जो जेसीपीओए को समर्थन देता है, 18 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध के लिए अप्रासंगिक हो जाएंगे। चीन के उप स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने मतदान के परिणाम पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि संवाद और कूटनीति ही ईरान परमाणु मुद्दे का एकमात्र समाधान है। उन्होंने सभी पक्षों से शांति और संयम बरतने का आग्रह किया। रूस के प्रथम उप स्थाई प्रतिनिधि दिमित्री पोल्यांस्की ने कहा कि स्नैपबैक तंत्र लागू नहीं हुआ है और न ही होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 2015 से पहले के प्रतिबंधों को फिर से शुरू करने की कोई कोशिश शून्य और अमान्य होगी। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने स्नैपबैक को अस्वीकार करते हुए कहा कि ई3 ने जेसीपीओए और संकल्प 2231 का उल्लंघन किया है, जिसके कारण वे 'गैर-प्रदर्शन' का दावा करने का अधिकार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर, 2025 के बाद प्रतिबंधों का कोई भी विस्तार मान्य नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डेटा केंद्र में आग लगने के बाद रोकी ऑनलाइन सेवाएं

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सरकार ने राष्ट्रीय डेटा केंद्र में आग लगने के बाद ऑनलाइन सेवा पर रोक लगा दी है। योनहप समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य शहर डेजॉन स्थित राष्ट्रीय सूचना संसाधन सेवा में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 08:20 बजे (11:20 जीएमटी) आग लग गई। आग इमारत की पांचवीं मंजिल पर स्थित कंप्यूटर कक्ष में लिथियम-आयन बैटरी में विस्फोट के कारण लगी थी। आग लगने के कारण 647 सरकारी ऑनलाइन सेवाओं और प्रणालियों का संचालन स्थगित कर दी गई।

### दक्षिण कोरिया में हुए गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में शनिवार को हुई गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:17 बजे (0117 जीएमटी) ग्योंगगी प्रांत के यांगजू में एक सूखे वाष्पकक्ष में हुआ। घायलों में ग्राहक और कर्मचारी दोनों शामिल हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। विस्फोट के कारण आग तो नहीं लगी लेकिन दर्जनों ग्राहकों को बाहर निकलना पड़ा। अग्निशमन अधिकारियों ने बचाव कार्य के लिए 42 कर्मियों और 17 उपकरणों को भेजा। अधिकारी दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच कर रहे हैं।


### उत्तर-पश्चिमी चीन के गांसु में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**लान्चो।** चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन के गांसु प्रांत के डिग्शी शहर के लोंगक्सी काउंटी में आज सुबह 5:49 बजे 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 34.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 104.58 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप का झटका डिग्शी शहर के लोंगशी काउंटी, झांग्शियन काउंटी, वेइयुआन काउंटी और लिटाओ काउंटी तथा तियानशुई शहर के वुशान काउंटी में महसूस किया गया। स्थानीय सरकार के अनुसार, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### फ्रांस साहेल में आतंकियों का समर्थन जारी रखे हुए: माइगा

**पेरिस/बामाको।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से मदद मांगने की उनकी कोशिशों के बावजूद फ्रांस साहेल क्षेत्र में आतंकवादियों का समर्थन जारी रखे हुए है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान, माली ने 15 अगस्त, 2022 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से परिषद की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया।

# अरशद की भागवत जल्द होगी रिलीज



सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है।

**मुंबई।** फिल्म भागवत में अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार काम करते नजर आएंगे। जी 5 ने अपनी आने वाली ऑरिजिनल फिल्म, भागवत की घोषणा की। फिल्म भागवत को बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स के सहयोग से जियो स्टूडियोज़ ने प्रोड्यूस किया है। सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक महिला के गुमशुदा होने के मामूली से दिखने वाले मामले में उलझ जाता है।

लेकिन मामले की तहकीक.ात जल्द ही ग्रेब, छिपे हुए राज़ और संदिग्ध तस्करी के काले साए वाले भयावह जाल में फंस जाती है। इस उथल-पुथल के बीच, मीरा और प्रोफेसर समीर जितेंद्र कुमार का किरदार के बीच प्यार का बेहद नाजुक रिश्ता विकसित होने लगता है। दोनों के बीच की बढ़ती नजदीकियां इस कहानी में सोच से परे रोमांस और जज़्बातों का रंग घोलती है, जो इस कहानी में लगातार बढ़ रहे तनाव भरे माहौल से एकदम जुदा है।

अक्षय शेरे के निर्देशन में बनी फिल्म, भागवत में दो दमदार कलाकारों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जो यकीनन दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने वाला है। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज के भयावह माहौल पर आधारित, यह फिल्म अनसुलझे रहस्यों, जज्बातों और ड्रामा का शानदार मेल है, जो दर्शकों को स्ट्रीमिंग का यादगार अनुभव प्रदान करने वाला है। फिल्म भागवत की स्ट्रीमिंग जल्द ही जी 5 पर होगी।



# फराह ने दीपिका की कथित शिफ्ट डिमांड का मजाक उड़ाया



**मुंबई।** फराह खान अपने लेटेस्ट व्लाग के लिए कुक दिलीप के साथ एक्टर रोहित सराफ के घर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में दीपिका पादुक.ोण की कथित आठ घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर मजाक उड़ाया। व्लाग में जब दिलीप ने पूछा कि दीपिका कब उनके शो में आएंगी, तो फराह ने मजाक में कहा, जिस दिन तू गांव चला जाएगा, उस दिन शो में आएंगी। उन्होंने आगे कहा, दीपिका अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, इसलिए उनके पास शो में आने का समय नहीं है। दिलीप ने तुरंत जवाब दिया, अब से मैं भी शो के लिए दिन में आठ घंटे शूट करूंगा। फराह ने कहा, तुम अभी केवल दो घंटे शूट करते हो, अब से तुम भी आठ घंटे शूट करोगे। रोहित सराफ जल्द फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगे। बता दें कि एक्ट्रेस दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं। कथित तौर से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्राफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलाग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितम्बर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित तौर से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था। हाल ही में फराह खान ने उस वायरल वीडियो को लेकर रिएक्ट किया था, जिसमें सोशल मीडिया पर उन्हें और करण जौहर को आयुष शर्मा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक्टर आयुष शर्मा, सलमान खान की बहन अर्पिता के पति हैं। इसमें दिख रहा था कि फराह और करण आयुष के पास से गुजर रहे थे। कुछ यूजर्स का कहना था कि फराह ने आयुष को नजरअंदाज किया। जिस पर फराह खान ने कहा, ष्कृपया बकवास लिखना बंद करें। मैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती, खासकर आयुष को नहीं। मैंने उनके और अर्पिता के साथ व्लाग शूट किया है। बस जल्दी में उन्हें नहीं देखा। इसे खराब दिखाने के लिए इसे द्धवीडियोत्र स्लो मोशन में बनाया गया।

## बिग बॉस के घर में मना तान्या का जन्मदिन

**मुंबई।** टीवी शो शबिग बासश के इस हफ्ते के वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान खान तान्या को सरप्राइज देते हुए नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, ओह! ओह! ओह! बॉस का जन्मदिन है। तान्या, बिग बास की टीम ने आपके लिए कुछ भेजा है। अभिषेक बजाज और शाहबाज तान्या के लिए एक तोहफा लेकर आते हैं। अभिषेक कहते हैं कि यह दुबई का बकलवा है। तान्या कहती हैं, मुझे उम्मीद है कि यह दुबई से होगा। सलमान कहते हैं, हां, यह दुबई से है, डांडा से थोड़ा पहले। जिस पर सभी घरवाले हंसने लगते हैं। वहीं, नेहल ने तान्या, जीशान और बशीर पर निशाना साधा। नेहल ने तान्या को लेकर कहा कि तान्या ने एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 100 मुखौटे पहन रखे हैं। वहीं, जीशान कादरी के बारे में कहा कि वह अपने ग्रुप के लोगों पर बहुत नेगेटिव कमेंट करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बशीर के बारे में कहा कि उनकी इमोशनल मैच्योरिटी जीरो है। शो में एक्ट्रेस गौहर खान आएंगी।

# महेश भट्ट ने फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अरहान को किया लॉन्च



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास ने अरहान पटेल को फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के सीहोर की खेतों से लेकर बॉलीवुड की चमचमाती दुनिया तक, अरहान पटेल का सफर सपनों की ताकत का असली सबूत है। किसान पिता के बेटे अरहान ने संघर्ष और धैर्य के वर्षों बाद महेश भट्ट की फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अब बड़े पर्दे पर बतौर लीडिंग मैन डेब्यू किया है। अरहान ने कहा, सुहृता मैम की हमारी अधूरी कहानी एक बेहद काव्यात्मक और आत्मा को छू लेने वाली फिल्म है। उसी फिल्म के बाद उन्होंने मुझमें वह क्षमता और चिगारी देखी, जिसकी वजह से मुझे यह ब्रेक मिला। उन्होंने ही सोचा कि मैं रोहन के किरदार में फिट बैठ सकता हूं। वे एक कमाल की स्टोरीटेलर हैं और मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी पहली फिल्म में उनके मार्गदर्शन और महेश भट्ट जैसे निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला। अरहान के करियर के इस बड़े मौके को गढ़ने में महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास की अहम भूमिका रही है। भट्ट कैंप का नया टैलेंट खोजने का लंबा इतिहास रहा है। सीहोर के छोटे-से कस्बे से निकलकर बॉलीवुड का हीरो बनने का अरहान पटेल का सफर, देशभर के सपने देखने वालों के लिए एक प्रेरणा है: मेहनत, जज्बे और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। फिल्म तू मेरी पूरी कहानी 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।

# एमी अवार्ड्स नॉमिनेशन पर गर्व है: इम्तियाज



**मुंबई।** हाल ही में फिल्ममेकर इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला को इंटरनेशनल एमी अवार्ड के दो कैटेगरी को लिए नामिनेशन मिला है। दिवंगत पंजाबी संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को बेस्ट मिनी-सीरीज और फिल्म के लीड हीरो दिलजीत दोसांझ को बेस्ट एक्टर कैटेगरी में नामिनेट किया गया है। इस पर अब इम्तियाज ने अपना रिएक्शन दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए अली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर आई इस फिल्म को क्रिटिक्स की प्रशंसा मिली और उसने भारत को अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खड़ा कर दिया है। इम्तियाज ने कहा- हम अभी डिनर से वापस आए ही थे कि हमें यह खबर मिली। यह एक आशीर्वाद की तरह है, जो चमकीला की कहानी के माध्यम से हमारे पास आई है। मुझे बहुत खुशी है कि इस फिल्म को आवाज मिल रही है और इसे देखा जा रहा है। हमें बहुत गर्व है कि हम भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं।

## सोनी टीवी पर वापसी कर रहा इंडियन आइडल

**मुंबई।** भारत का सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल एक बार फिर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर नए सीज़न के साथ आ रहाा है।

इस बार शो यादों और संगीत की खास धुन अपने दिल को छू लेने वाले थीम यादों की प्लेलिस्ट: जहां आवाज़ें आज वाली और गाने आप वाले के साथ लाया है। आज के टैलेंट को पुराने गानों के साथ मिलाने का वादा करते हुए, यह सीज़न इंडियन म्यूजिक के पुराने गानों का एक संगीतपूर्ण जश्न होने वाला है। इस तरह से यह सीज़न इमोशंस, यादों और शानदार टैलेंट्स का एक जबरदस्त सफर होने वाला है।

# गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी सिंह



**मुंबई।** सोनी सब के शो उफ्फ यह लव है मुश्किल में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के उफ्फ यह लव है मुश्किल में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोज़मर्रा की जिंदगी की मास.ूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे। लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया।

